आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 26-● जबलपुर ● शनिवार, 26 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## रूस के खिलाफ भारत और चीन ने नहीं किया वोट

**नई दिल्ली।** विंटर ओलिंपिक्स के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी समकक्ष शी जिनपिंग ने जब नो लिमिट यानी असीमित सहयोग वाले समझौते पर दस्तखत किए तब ये कहां पता था कि कुछ दिनों बाद ही एशिया और यूरोप के सामरिक समीकरण बदलने वाले हैं। दोनों देशों ने अमेरिका के खिलाफ जुगलबंदी का नया अध्याय लिखा था। इसलिए जब पुतिन ने डोन्टेस्क और लुहांस्क को रूसी हिस्सा घोषित कर यूक्रेन पर हमला कर दिया तो कुछ घंटों के भीतर ही इसका लिटमस टेस्ट भी होना तय हो गया। 4 फरवरी के समझौते की परीक्षा 24 फरवरी को होनी थी। न ही भारत ने और न ही चीन ने सोचा था कि पुतिन अटैक करेंगे। अब जब रूस की सेना यूक्रेन की राजधानी कीव में घुस चुकी है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में निंदा प्रस्ताव आ गया तो फैसले की घड़ी भी आ गई। इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पुतिन के विरोध के बावजूद नाटो के विस्तार पर चिंता जता चुके थे। रूस पर अमेरिकी और यूरोपीय प्रतिबंधों का असर भारत पर पड़ने की बात भी विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला सार्वजनिक कर चुके थे। साथ ही रूस के साथ दशकों के पुराने संबंधों को भी ध्यान रखना था। इसलिए जब वोटिंग हुई तो भारत ने इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। उधर रूस के बेहद करीब आ चुके चीन ने भी भारत की तरह वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति से भारत के बेहद करीब आ चुके सऊदी अरब ने भी यही फैसला लिया। रूस ने वीटो का इस्तेमाल किया। निंदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

## यूक्रेन सीमा पर चक्कर काट रहे अमेरिकी एयरफोर्स के विमान

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग में अब अमेरिका भी एक्शन में आ गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी वायुसेना के तीन विमानों को रोमानिया के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते देखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी लड़ाकू विमान 3 घंटे से अधिक समय से उड़ान भर रहे हैं। इसके पास पोलैंड के हवाई क्षेत्र में ईंधन भरने वाला एक विमान है।

# यूक्रेन के कई शहर तबाह



### आज की रात हमारे लिए सबसे कठिन





### कीव में घुस गये हैं रूसी सैनिक

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले का आज तीसरा दिन है। शनिवार को राजधानी कीव समेत यूक्रेन के सभी अहम शहरों में धमाके हुए हैं। इस युद्ध में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। रूसी सैनिक राजधानी कीव में दाखिल हो गए हैं और यूक्रेनी सैनिकों से उनकी आमने-सामने की लड़ाई शुरू हो चुकी है। इस बीच यूक्रेन ने 300 रूसी पैराट्रूपर्स से भरे दो प्लेन मार गिराने का दावा किया है। रूसी सैनिकों ने कीव के एयरपोर्ट पर कब्जा कर लिया है। रूस की सेना यूक्रेन पर हमलों की रफ्तार तेज करते हुए जल्द ही कीव पर कब्जा कर सकती है। रूस की ओर से दागी गई 160 से ज्यादा मिसाइलों से राजधानी कीव की हालत किसी उजड़े हुए शहर जैसी हो गई है। दहशत में जी रहे लोग सबवे, खाई और मेट्रो स्टेशनों में छिपे रहे। साथ ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूसी सेना राजधानी कीव के बाहर पहुंच गई है और राजधानी कीव के बाद जोरदार गोलीबारी चल रही है।

पिछले तीन दिनों में रूसी सेना ने यूक्रेन पर चार तरफ से हमला कर उसकी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया है। हालांकि, राजधानी कीव अभी तक रूसी सेना के कब्जे से दूर रही थी।रूस के भयावह हमले में यूक्रेन के कई शहर बुरी तरह से तबाह हो गए हैं। खार्किव शहर में मुख्य चौराहे पर कई इमारतें नष्ट हो गई। मारुपोल शहर में सैन्य अड्डे के आसपास कई इमारतें और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई। ओडेसा शहर के तेल केंद्र भी आग की लपटों में घिरे भयावह मंजर देखे जा रहे हैं। रूस ने यूक्रेन की 11 हवाई पट्टियों के साथ-साथ 70 से अधिक सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया है।

अब खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने चिंता जताई है कि कीव पर रूसी सेना के कब्जे का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की रात हमारे लिए सबसे कठिन होने वाली है, लेकिन हमें खड़े रहना होगा। जेलेंस्की ने कहा कि आज की रात दुश्मन हमारी क्षमता को तोड़ने की हरसंभव कोशिश करेगा, आज वे हम पर कहर बरपाएंगे। रूसी आक्रमण में 24 फरवरी को 137 यूक्रेनी लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, दूसरी ओर यूक्रेनी सरकार ने कहा कि पहले दिन 1,000 से अधिक रूसी सैनिक मारे गए। ,

रूस के दूसरे इल्युशीन 1आई-76 सैन्य परिवहन विमान को बिला सेरकवा के निकट मार गिराया गया। यह स्थान राजधानी कीव से 85 किलोमीटर दक्षिण में है। यूक्रेन में जमीनी हकीकत पर निगाह रखने वाले दो अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को यूक्रेन की सेना ने कहा था कि उसने रूस के सैन्य परिवहन विमान को मार गिराया है।

## यूक्रेनी राष्ट्रपति ने ठुकराया यूक्रेन छोड़ने का प्रस्ताव

रूस की सेना यूक्रेन पर हमलों की रफ्तार तेज करते हुए जल्द ही कीव पर कब्जा कर सकती है। पिछले तीन दिनों में रूसी सेना ने यूक्रेन पर चार तरफ से हमला कर उसकी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया है। हालांकि, राजधानी कीव अभी तक रूसी सेना के कब्जे से दूर रही थी। अब खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने चिंता जताई है कि कीव पर रूसी सेना के कब्जे का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की रात हमारे लिए सबसे कठिन होने वाली है, लेकिन हमें खड़े रहना होगा। बताया गया है कि जेलेंस्की को अमेरिका की तरफ से यूक्रेन छोड़ने का प्रस्ताव मिला था। लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। जेलेंस्की को अमेरिकी सरकार ने राजधानी कीव से निकलने को कहा था, लेकिन जेलेंस्की ने इससे इनकार कर दिया। अमेरिका के खुफिया विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा,'' यहां युद्ध चल रहा है। मुझे गोला बारूद चाहिए, यात्रा नहीं।'' इसे लेकर अमेरिकी अधिकारी ने जेलेंस्की को जोशीला व्यक्ति बताया।



## यूक्रेन का बड़ा दावा- 3,500 रूसी सैनिकों को मार गिराया

**कीव।**यूक्रेन की सेना ने शनिवार तड़के बड़ा दावा किया है। उसने कहा कि जंग में अब तक 3,500 रूसी सैनिक मारे गए हैं। साथ ही 102 टैंक, 14 विमान और 8 हेलीकॉप्टरों को मार गिराया गया है। इसके पूर्व यह दावा किया गया था कि भारी लड़ाई के बीच 1,000 से अधिक रूसी सैनिकों को मार गिराया है। हालांकि, रूसी सेना ने अभी तक हताहतों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।

**रूस बोला- हमने 211 सैन्य ठिकानों को तबाह**

इस बीच, रूस से लड़ने के लिए अमेरिका यूक्रेन को 600 मिलियन डॉलर की सुरक्षा सहायता देगा। उधरसंयुक्त राष्ट्र ने कहा कि चल रहे रूसी आक्रमण में 25 नागरिक मारे गए और 102 घायल हो गए। इसके अलावा यूक्रेन ने यह भी दावा किया कि उसने कम से कम 80 टैंक, 516 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, सात हेलीकॉप्टर, 10 विमान और 20 क्रूज मिसाइलों को नष्ट कर दिया है। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सैनिकों ने यूक्रेन में 211 सैन्य ढांचों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूसी सैनिकों ने मुख्य कीव एवेन्यू पर स्थित एक सैन्य अड्डे पर हमला किया, लेकिन हमले को रद्द कर दिया गया। यूक्रेन की सेना ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि रूस ने कीव में सैन्य इकाइयों में से एक विक्ट्री एवेन्यू पर हमला किया।

## 30 देशों ने पुतिन और उच्चाधिकारियों पर लगाए प्रतिबंध

रूस की ओर से यूक्रेन पर हमला किए जाने के बाद यूरोपीय देशों के संघ. ईयू ने रूस पर सख्त प्रतिबंध लगाने का एलान किया है। अब इन प्रतिबंधों में अमेरिका ने भी ईयू का साथ दिया है। बताया गया है कि अमेरिका समेत अब तक कुल 30 देश रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके उच्चाधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने आगे आ चुके हैं। इन प्रतिबंधों से रूस को आगे आर्थिक और कूटनीतिक तौर पर बड़ा नुकसान होने की संभावना है। अमेरिकी राजकोष विभाग ने शुक्रवार देर रात पुतिन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का एलान किया। इससे पहले रूसी सुरक्षा परिषद के 11 सदस्यों सत्तारूढ़ नेताओं और रईसों पर प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं।

## बजट हेल्थकेयर सिस्टम में लाएगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर आयोजित पोस्ट बजट बेविनार में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये बजट बीते 7 साल से हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने के हमारे प्रयासों को विस्तार देता है। हमने अपने हेल्थकेयर सिस्टम में एक समग्र, दृष्टिकोण को अपनाया है। आज हमारा फोकस हेल्थ तो है ही, कल्याण पर भी उतना ही अधिक ध्यान केंद्रित है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तीन बिंदुओं में अपना लक्ष्य बताया। पीएम मोदी ने कहा कि जब हम हेल्थ सेक्टर में समग्रता की बात करते हैं, तो इसमें तीन फैक्टर्स का समावेश कर रहे हैं। पहला, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ह्यूमेन रिसोर्स का विस्तार। दूसरा, आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को प्रोत्साहन करना और तीसरा आधुनिक और भविष्य की तकनीक के माध्यम से देश के हर व्यक्ति, हर हिस्से तक बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं पहुंचाना। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हेल्थ सर्विस की डिमांड बढ़ रही है, उसके अनुसार ही हम स्किल्ड हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयार करने का भी प्रयास कर रहे हैं इसलिए बजट में हेल्थ एजुकेशन और हेल्थकेयर से जुड़े ह्युमेन रिसोर्स डेवलपमेंट के लिए पिछले साल की तुलना में बड़ी वृद्धि की गई है।



**आज हमारा फोकस हेल्थ के साथ कल्याण भी**

### स्वास्थ्य सुविधाओं से दूरी न रहे

मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि क्रिटिकल हेल्थकेयर सुविधाएं ब्लॉक स्तर, ज़िला स्तर और गांवों के नजदीक हों। इस इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखना और समय-समय पर अपग्रेड करना जरूरी है। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर और दूसरे सेक्टर्स को भी ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे आना होगा।

### हेल्थकेयर नेटवर्क सशस्त बनेगा

प्रधामंत्री ने कहा कि प्राइमरी हेल्थकेयर नेटवर्क को सशक्त करने के लिए डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। अभी तक 85,000 से अधिक सेंटर रुटीन चेकअप, वैक्सीनेशन और टेस्ट की सुविधा दे रहे हैं। इस बार के बजट में इनमें मेन्टल हेल्थकेयर की सुविधा भी जोड़ी गई है।

### आयुष की भूमिका को दुनिया ने सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष की भूमिका तो आज पूरी दुनिया मान रही और इसकी जमकर सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठनभारत में अपना विश्व का एकमात्र ग्लोबल सेंटर ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन शुरू करने जा रहा है।

## केनरा बैंक में साढ़े तीन करोड़ का फ्रॉड




### भोपाल-पिपरिया में छापे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के केनरा बैंक फ्रॉड में सीबीआई ने आज भोपाल और पिपरिया में छापे मारे हैं। यह फ्रॉड सिंडीकेट बैंक के साथ हुआ था जो अब केनरा बैंक हो गया है। सीबीआई ने इसमें आज कुछ आरोपियों के ठिकानों पर छापे मारे लेकिन कुछ आरोपियों के पता गलत पाए जाने से छापे की कार्रवाई अधूरी रही। आरोपियों में एक समाचार पत्र समूह के तीन संचालक भी हैं। बताया जाता है कि सिंडीकेट बैंक के टर्म लोन क्रेडिट लिमिट में 2014-15 में फ्रॉड का यह मामला था जिसमें बिजनेस की जगह क्रेडिट लिमिट को व्यक्तिगत उपयोग में लाया गया। इस प्रकार से बैंक के साथ करीब तीन करोड़ 44 लाख की धोखाधड़ी की गई। इसमें सीबीआई ने कोलार की संस्था ब्राउनी एंड संस, सुनील टिबरवाल, विवेक शर्मा, सांध्य प्रकाश के तीन संचालक और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए थे।

सीबीआई ने विवेक शर्मा और सांध्य प्रकाश लिमिटेड के तीन संचालकों के यहां छापे मारे लेकिन संध्या प्रकाश लिमिटेड के भोपाल स्थित ठिकाने पर पहले से ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा लिक्विडेटर नियुक्त होने से सीबीाई को उनके ठिकाने सील मिले थे। विवेक शर्मा के भोपाल और पिपरिया में छापे मारे गए।





## एयर इंडिया का विमान यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए बुखारेस्ट रवाना

**नई दिल्ली। एयर इंडिया के एक विमान ने रूस के आक्रमण के चलते यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने के वास्ते रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट के लिए शनिवार सुबह मुंबई हवाईअड्डे से उड़ान भरी। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या एआई1943 ने तड़के करीब तीन बजकर 40 मिनट पर मुंबई हवाईअड्डे से उड़ान भरी और उसके भारतीय समयानुसार सुबह करीब दस बजे बुखारेस्ट हवाईअड्डे पर पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जो भी भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से यूक्रेन-रोमानिया सीमा पर पहुंच गये हैं, उन्हें भारत सरकार के अधिकारी बुखारेस्ट ले जायेंगे ताकि उन्हें एअर इंडिया की उड़ानों के जरिए स्वदेश लाया जा सके। एयर इंडिया यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए बुखारेस्ट और हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट के लिए शनिवार को और उड़ानें संचालित करेगी।**

यूक्रेन पर रूस के हमले के तीसरे दिन वहां फंसे भारतीय छात्रों को घर वापसी की उम्मीद जागी है। बंकरों और रेस्क्यू सेंटर्स में समय गुजार रहे भारतीय छात्र कहीं चटाई बिछाकर सोने को मजबूर हैं, तो कहीं उन्हें पेटभर खाना भी नहीं मिल रहा। उनकी वापसी के लिए भारत सरकार द्वारा फ्लाइट्स भेजी जा रही हैं। एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए छात्रों को बसों से ले जाया जा रहा है। ये छात्र हाथों में झंडा थामें बसों में सवार हो रहे हैं।

### हम बंकर में फंसे हैं, प्लीज...मदद भेजो,

*यूक्रेन पर रूस के हमले और भी ज्यादा तेज हो गए हैं। कीव पर कब्जे के लिए अब पुतिन की सेना चौतरफा आक्रमण कर रही है। इस बीच यूक्रेन से एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो यूक्रेन में फंसी भारतीय छात्रा का है, जिसमें छात्रा भारत सरकार से मदद के लिए भावुक अपील कर रही है। वीडियो में छात्रा अपना नाम मेघना बताती है। वह कहती है कि वह बेंगलुरू की रहने वाली है। भारत सरकार से अपील करते हुए मेघना कहती है कि, पूरे यूक्रेन में भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। वे पिछले 24 घंटे से बिना खाना-पानी के रहने को मजबूर हैं। आगे कहती है- हमारे लिए कोई स्पेशल फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है। हम यहां बंकर में रहने को मजबूर हैं। यहां रहना बहुत ही कठिन है। सांस लेने तक में परेशानी हो रही है। हमारी विनती है कि, कृपया जिनती जल्दी हो सके हमारी मदद करिए। इसके बाद मेघना का भाई भी बोलता है। मेरी बहन को वापस निकालने के लिए मदद करिए। इस वीडियो को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट किया है। कहा है कि, बंकर से भारतीय छात्रों का यह दृश्य परेशान करने वाला है। कई लोग यूक्रेन पर हमले में फंस गए हैं। उन्होंने भारत सरकार से अपील की है कि, जल्द से जल्द भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से निकाला जाए।*

**अमेरिका से रूठा रूस...दी धमकी**

## प्रतिबंध जारी रखे तो, यूरोप या संयुक्त राज्य पर गिरा देगा आईएसएस

**मास्को।** यूक्रेन पर हमला बोलने के बाद रूस कई तरह के प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। ऐसे में अमेरिका ने रूस पर कुछ ऐसे प्रतिबंध लगाए हैं, जो उसके अंतरिक्ष कार्यक्रमों की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं। इस बीच रूस ने एक बार फिर से दुनिया और विशेष तौर पर अमेरिका को धमकी दी है। रूस ने कहा है कि, अगर वह इस तरह से प्रतिबंध जारी रखेगा तो, वह अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) को यूरोप या संयुक्त राज्य पर गिरा देगा।

दरअसल, वर्तमान में आईएसएस पर अमेरिका, रूस और जर्मनी जैसे कई देश मिलकर काम कर रहे हैं। इसके तहत चार अमेरिकी, दो रूसी और एक जर्मन अंतरिक्ष यात्री माइक्रोग्रैविटी में साथ-साथ काम कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से प्रतिबंधों की घोषणा के बाद रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख दमित्री रोगोजिन का बयान सामने आया है। उन्होंने ट्वीट करके अमेरिका को साफ लहजे में धमकी दी है। रोगोजिन ने ट्वीट में लिखा है, यदि आप हमारे साथ सहयोग रोकते हैं तो आईएसएस अनियंत्रित होकर कहीं भी गिर सकता है। विशेष तौर पर यह यूरोप या अमेरिका में गिर सकता है। दिमित्री रोगोजिन ने अपने दूसरे ट्वीट में लिखा है कि, हमारे पास इस 500 टन के ढांचे को भारत और चीन में गिराने का भी विकल्प खुला हुआ है। क्या आप उन्हें ऐसी संभावना से धमकाना चाहते हैं? आईएसएस रूस के ऊपर से नहीं उड़ता है। ऐसे में प्रतिबंध लगाने से पहले आप जान लें कि आपको क्या करना है? पृथ्वी के करीब 400 किलोमीटर ऊपर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन को स्थापित किया जा रहा है। इस स्पेस स्टेशन का वजन करीब 500 टन है और यह एक फुटबाल के मैदान जैसे आकार का है। ऐसे में अगर यह अनियंत्रित होकर कहीं भी गिरेगा तो भारी तबाही होगी। वहीं रूस, अमेरिका और जर्मनी इस पर मिलकर काम कर रहे हैं।



**रूस को मनाने नासा आया सामने**

रूस की अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा स्पेस स्टेशन गिराने की धमकी के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का बयान सामने आया है। नासा ने कहा है कि नए प्रतिबंध दोनों देशों के बीच अंतरक्षि सहयोग को खतरे में नहीं डालेंगे। हमारे साझा अंतरिक्ष कार्यक्रम में बदलाव की कोई योजना नहीं है।



## फिल्म देखकर लौट रहीं चार महिला सिपाहियों पर नशे में धुत युवक ने कार चढ़ाई

**भोपाल,** । राजधानी के टीटी नगर इलाके में फिल्म देखने के बाद पैदल धर्मशाला जा रही चार महिला सिपाहियों को नशे में धुत युवक ने कार से टक्कर मार दी। इससे चारों महिला आरक्षक घायल हो गई, जिनमें दो की हालत गंभीर है। घटना शुक्रवार रात 11:45 बजे जवाहर चौक स्थित यूनिक कालेज के पास हुई। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। टीटी नगर थाना प्रभारी चैनसिंह रघुवंशी ने बताया कि महिला आरक्षक शिवानी सोलंकी, अर्चना राय, प्रिया राठौर एवं प्रिया मीणा ट्रैफिक पुलिस में पदस्थ हैं। चारों नेहरू नगर स्थित बालाजी धर्मशाला में रहती हैं। शुक्रवार रात को ये चारों रंगमहल टाकीज में फिल्म देखने गई थीं। फिल्म शो खत्म के बाद चारों रंगमहल टाकीज से निकलकर पैदल धर्मशाला की ओर जा रही थीं। रात करीब 11:45 बजे वे जवाहर चौक स्थित यूनिक कालेज के सामने से गुजर रही थीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे चारों आरक्षक घायल हो गई। उन्हें अरेरा कालोनी स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें आरक्षक शिवानी तोमर और अर्चना राय को गंभीर चोट लगी है।पुलिस ने प्रिया राठौर की शिकायत पर कार क्रमांक एमपी-04-सीआर-4943 के चालक सहर्ष त्रिपाठी के खिलाफ तेजी व लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया है। कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। श्यामला हिल्स निवासी आरोपित कार चालक सहर्ष दूरदर्शन में इंजीनियर के पद पर पदस्थ है। घटना के समय वह शराब के नशे में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज 18 का शूरवीर सम्मान समारोह

# स्पेशल केटेगरी में 29 जांबाज पुलिसकर्मी हुए सम्मानित











**शूरवीरों को सम्मानित करते गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा व महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद, समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।**

**जबलपुर।** न्यूज 18 का शूरवीर सम्मान समारोह का आयोजन रामपुर स्थित तरंग ऑडिटोरियम में भव्यता के साथ किया गया। शूरवीरों के सम्मान में लगातार पांच वर्षों से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में इस बार प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने 8 अलग अलग श्रेणियों के साथ स्पेशल केटेगरी में 29 जांबांज पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। विशेष कैटेगरी में बेस्ट ट्रेनर के लिए सूबेदार जबलपुर रोशनी केसरवानी ,एक्सेम्पलरी सर्विस केटेगरी में 34वी बटालियन के कमांडेंट रोहित कास्वानी, फाइट अगेंस्ट क्राइम कैटेगरी में निरीक्षक कटनी अजय बहादुर ,गैलंट्री अवॉर्ड कैटेगरी में जबलपुर के आरक्षक हरिओम सिंह बेस, इन्वेस्टिगेटिंग ऑफीसर में सिवनी के निरीक्षक देवकरण डेहरिया, ट्रैफिक मैनेजमेंट में कटनी के सूबेदार विनोद दुबे, कम्युनिटी पुलिसिंग में सिवनी के निरीक्षक महादेव नागोतिया और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए हरिओम शर्मा सेवानिवृत्त नगर पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही स्पेशल कैटिगरी में उपनिरीक्षक सिवनी श्रोती शर्मा, सूबेदार जबलपुर मोहन सिंह ठाकुर, अखंड प्रताप सिंह जबलपुर, निरीक्षक विजय तिवारी जबलपुर ,निरीक्षक राकेश तिवारी जबलपुर ,निरीक्षक एसपीएस बघेल जबलपुर, सहायक उपनिरीक्षक पंचम लाल यादव जबलपुर ,गगन डेहरिया आरक्षक जबलपुर ,रोहित अवस्थी आरक्षक जबलपुर ,सुनील दुबे सहायक उपनिरीक्षक जबलपुर ,संदीप बघेल आरक्षक छिंदवाड़ा ,गौरव देवलिया आरक्षक छिंदवाड़ा ,राजकुमार बारकड़े आरक्षक छिंदवाड़ा ,अनिल गुप्ता निरीक्षक जबलपुर ,मृदुलेश शर्मा सहायक उपनिरीक्षक जबलपुर ,नरेंद्र सिंह सहायक उपनिरीक्षक जबलपुर, संतराम बागरी सहायक उपनिरीक्षक जबलपुर ,सचिन मेहरा आरक्षक जबलपुर ,अश्विनी आरक्षक जबलपुर, कप्तान सिंह सहायक उपनिरीक्षक कटनी ,पुष्पराज सिंह प्रधान आरक्षक कटनी ,नीरज दुबे उपनिरीक्षक कटनी, कृष्ण कुमार पटेल उपनिरीक्षक कटनी, अर्चना सल्लाम उपनिरीक्षक जबलपुर, बृजेश मिश्रा निरीक्षक छिंदवाड़ा, प्रतीक्षा मार्को छिंदवाड़ा, कमलेश चोरिया निरीक्षक नरसिंहपुर, विजय दिवेदी उपनिरीक्षक नरसिंहपुर एवं रविंद्र सिंह प्रभारी कंट्रोल रूम जबलपुर को दिया जा रहा है।इस मौके पर श्रीराम इंजीयनिरिंगकॉलेज के डायरेक्टर राजुल करसौलिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, भाजपा नेता कमलेश अग्रवाल न्यूज18 मध्य प्रदेश के सीनियर एडिटर प्रवीण दुबे , सीनियर रिपोर्टर प्रतीक अवस्थी , मनोज राठोर, दीपक साहा , जूबिन ठाकुर , पवन पटेल समेत अन्य स्टाफ़ मौजूद रहा ।

# स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**जबलपुर।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवसज्ज व पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जयसवाल एवं स्कूल प्राचार्या श्रीमती मनमीत कोहली के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।छात्रों के द्वारा मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर गीत, नृत्य व अभिनय की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही साथ छात्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवसज विषय पर कविताएँ व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नवंबर माह से जनवरी तक हुई सभी गतिविधियों के लिए स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमान पर्व जयसवाल जी ने सभी छात्रों को इस अवसर पर पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए। साथ ही साथ कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा आठवीं की छात्रा आकांक्षा पुरी गोस्वामी व कक्षा सातवीं की छात्रा अवनी भट्ट का रहा। और विवाद गिता में पक्ष में प्रथम स्थान सुरपति हर्षवर्धन और द्वितीय स्थान अर्पित श्रीवास्तव का रहा और विपक्ष में प्रथम स्थान पर अनुष्का शर्मा व द्वितीय स्थान पर आयुष शर्मा रहे। पर्व जयसवाल एवं डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जयसवाल ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक विश्वव्यापी वार्षिक उत्सव है। एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मनमीत कोहली जी ने बताया कि वैश्विक स्तर पर सभी भाषाओं का अपना अपना महत्व है। हमें सभी भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिताओं में पुरस्कार व सर्टिफिकेट पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# महर्षि स्वामी दयानंद जयंती पर मंत्र उच्चारण के साथ पुष्प अर्पित किए गए

**जबलपुर।** हिंदू सेवा परिषद द्वारा आज महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 198 वी जयंती के अवसर पर महर्षि दयानंद चौक ( रसल चौक ) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आर्य समाज से आचार्य धीरेंद्र जी महाराज डॉ प्रियंवदा वेद भारती जी (नजीबाबाद उत्तर प्रदेश) एवं ब्रह्मचारिणी माद्री दीदी जी द्वारा अपने विचार रखे गए एवं महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की आर्य समाज की स्थापना करता है जिन्होंने विश्व को सत्यार्थ प्रकाश नामक पुस्तक दी जिनहो ने कई शिक्षा संस्थान चालू किए आज आर्य समाज अनेक सेवाएं राष्ट्रकी गति के लिए दे रहे हैं ऐसी प्रेरणा आज भी हर



युवकों के भीतर आनी चाहिए और उसका पालन करना चाहिए जिससे राष्ट्रहित हो धर्म हो उनके जैसा जीवन जीने की आर्य समाज के सदस्य एवं हिंदू सेवा परिषद के सदस्यों को समझाया । हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया की रसल चौक को पूर्व में ही महर्षि दयानंद चौक नाम दिया गया है परंतु इसे प्रचलित में नहीं लाया गया जिसके कारण आज भी किसी अंग्रेज के नाम से इस चौक को जाना जाता है जो कि पूर्णता गलत है इसीलिए आज उनके जयंती के अवसर पर हिंदू सेवा परिषद में स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया और कहा कि प्रचलित में महर्षि दयानंद चौक नाम लाना चाहिए और आगे चलकर इस चौक को ताकि लोग महर्षि दयानंद चौक के नाम से जानने लगे।कार्यक्रम के दौरान अतुल जेसवानी सौरभ जैन धीरज ज्ञानचंदानी उमेश रजक अभिषेक अहिरवार आदर्श कोरी अतुल कुशवाहा जितेंद्र पटेल प्रदीप रजक नरेंद्र धमीजा आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी का सख्त आदेश

# त्यौहारों में आयोजन की अनुमति नहीं ली तो होगी कार्यवाही

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कोविड-19 के संक्रमण तथा महाशिवरात्रि, होलिकात्सव, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्रि एवं अम्बेडकर जयंती जैसे आगामी त्यौहारों के मद्देनजर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144(1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।प्रतिबंधात्मक आदेश में सभी प्रकार के आयोजनों के लिये प्रशासनिक अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है। आदेश में कहा गया है कि अनुमति प्राप्त नहीं होने पर आयोजनों को अवैधानिक घोषित करते हुये आयोजनकर्ताओं पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। आदेश में संपूर्ण जिले के मोटर साइकिल रैली के आयोजन को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सभी प्रकार के आयोजनों में ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा जिनसे किसी भी धर्म, जाति या वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती हो। ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजकों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाकर उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।आदेश में मकान एवं दुकान मालिकों के लिये घरेलू एवं व्यावसायिक नौकरों की सूचना संबंधित पुलिस थाने में देना अनिवार्य किया गया है। इसी प्रकार होटल, लॉज एवं धर्मशाला में रूकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र लेने एवं विहित प्रारूप में इसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने में देने की अनिवार्यता होटल, धर्मशाला एवं लॉज मालिकों के लिये की गई है। आदेश के अनुसार मकान मालिकों को किरायेदार एवं पेईंग गेस्ट रखने की सूचना भी विहित प्रारूप रूप में संबंधित थाने को प्रदाय किया जाना जरूरी होगा।प्रतिबंधात्मक आदेश में जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो, चित्र, मैसेज, वीडियो एवं आडियों को व्हाट्सप, फेसबुक, सभी प्लेटफार्म पर फारवर्ड करने, लाईक करने, कमेण्ट करने जैसी गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है जिनसे साम्प्रदायिक विद्वेष फैलने की आशंका हो।जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिले में लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में दोष व्यक्तियों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम की सुसंगत धाराओं, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य सभी कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।



# गोकलपुर और सिहोरा की टीम सेमी फाइनल में

जबलपुर। रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में जेपी अकैडमी के तत्वावधान में खेली जा रही प्रथम टी-20 प्रतियोगिता में के क्वॉर्टर फ़ाइनल मैच में सिहोरा की टीम ने जेपी बी को हारकर सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया । टॉस जीतकर पहले बेटिंग करते हुए जेपी बी ने 20 ओवेरो में मात्र 85 रनो का लक्ष्य दिया । जेपी बी की ओर से सर्वाधिक आनंद राज ने 20 ने बनायें ।सिहोरा की और से अनुराग मिश्रा ने 3 वीरेंद्र तिवारी ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए सिहोरा की टीम ने ज़रूरी रन 14 ओवर में बना लिए । एक अन्य क्वॉर्टर फ़ाइनल में मैच में गोकलपुर ने आक्सफ़र्ड अकैडमी को हराया ।पहले बैटिंग करते। हुए आक्सफ़र्ड की टीम ने ने 61 रन बनाए । गोकलपुर की और से पवन यादव ने 4 संकेत धनंजय विजय यादव को 1,1,1 विकेट मिला ।कम स्कोर के मैच में आक्स्फ़र्ड का प्रदर्शन शानदार रहा गोकालपुर के 5 विकेट मात्र 28 रनों पर गिरा दिए । पर अंततः मैच गोकलपुर के पाले में गया ।आक्स्फ़र्ड की और से शुभम यादव ने 2,शुभम पावर ने विकेट लिए । पवन यादव को दोहरा प्रदर्शन करने पूर्व एमपीसीए प्लेअर मयंक जैन द्वारा मैन ओफ़ द मैच का अवार्ड दिया गया ।

# बीज किसान की समृद्धि एवं उन्नति का मूल आधार है- बिसेन



## राष्ट्र का गौरव प्रथम बीज संग्रहालय का जनकृविवि में कुलपति ने किया उद्घाटन

जबलपुर । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय पिछले चार दशक से राष्ट्रस्तर पर प्रजनन बीज के उत्पादन गुणवत्ता एवं उपलब्धता में प्रथम है। मध्यप्रदेश फसलों की जैव विविधता हेतु ख्याति प्राप्त है। मप्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में अनेक अति उपयोगी पोषक तत्वों के साथ ही गुणवत्ता में अग्रणी फसलों एवं किसानों का उत्पादन होता रहा है इनका फसलों के बीजों का समुचित संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य ना होने से विलुप्त होने की कगार में है इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन की सद्प्रेरणा एवं सतत् मार्गदर्शन में बीज संग्रहालय का निर्माण विश्वविद्यालय में किया गया है। आज बीज संग्रहालय का उद्घाटन कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के कर कमलों से किया गया।इस दौरान अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे. कुलसचिव रेवासिंह सिसोदिया, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के कोतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर शर्मा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाप डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. शरद तिवारी, लेखानियंत्रक अनिल बाजपेई, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस शुक्ला, डॉ. एम. एस. माले एवं अन्य वैज्ञानिकों की उपस्थिति रही। संग्रहालय की रूपरेखा एवं मूल रूप प्रदान करने में संचालक अनुसंधान सेवाये एवं ख्यातिलब्धधान के प्रजनन वैज्ञानिक डॉ. जी के कोतू का अमूल्य योगदान है। म्यूजियम के निर्माण एवं तैयारी पर जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य हेतु विवि स्तर पर एक कोर कमेटी बनाकर कार्य किया गया। इस बीज संग्रहालय का निर्माण मध्यप्रदेश की जैव विविधता से पूर्ण हमारी बीज की धरोहर अमूल्य आदिवासी क्षेत्रों की लगभग 7000 धान की परंपरागत उगाई जाती है। आज यह किस्मे में लुप्त हो रही है इनका संरक्षण के साथ कुछ महत्वपूर्ण किस्मों की मांग के अनुरूप राष्टीय व अंतरराष्टीय स्तर पर ले जाने की जरूरत विश्वविद्यालय प्रदेश में उपलब्ध जैव विविधता एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूक करने के उद्देश्य से बीज संग्रहालय की स्थापना की गई है। यह बीज क्षेत्र का अदभूत एवं विवि का गौरव, राष्ट का प्रथम बीज होगा जहां विभिन्न फसलों की उपलब्धता एवं की जानकारी दी गई है। इस म्यूजियम में प्रदेश की मूल फसलों के अलावा कई वर्षों से आज तक जनजातियों द्वारा उगाई जा रही है उसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई इसमें मुख्य रूप से कोदो कुटकी रागी, मंडिया सिकिया इत्यादि इनकी कुछ किस्मे जैसे कुटकी की सीतही किस्म एवं बंगा जनजातियों द्वारा उगाई जाने वाली अरहर की बेगानी राहर एवं नाग दमन कुटकी विशेष आकर्षण का केंद्र है। धान की औषधीय एवं अन्य गुणों भरपूर किसम जैसे लाल धान बेहासान, सठिया ठरी, भरी क्षत्री, हिरदी कपूर, चिन्नोर, जीरा शंकर रानी काजल, दिल बक्सा आदि कई किस्मों के जीवत प्रदर्शन मुख्य आकर्षण के केंद्र है। गेहू सोयाबीन एवं अन्य फसलों के बीज व उनके क्रमिक विकास की जानकारी भी रोचक ढंग से संग्रहालय में प्रस्तुत की गई है। इसके अलावा औषधी महत्व की फसली एवं जिले विशेष की फसलों का विशेष प्रदर्शन किया गया है। संग्रहालय में उपलब्ध बीज से संबंधित ज्ञान हमारे कृषको कृषि एवं अन्य विद्यार्थियों के लिए अधिक उपयोगी साबित होगी। यह संग्रहालय आगामी पी ?ी एवं आम जनमानस को बीजों की उपयोगिता आवश्यकता व इनके संरक्षण संवर्धन हेतु जागरूकता साथ महत्व को समझने में मील का पत्थर साबित होगा संग्रहालय के मूर्त रूप प्रदान करने में पौध प्रजनन एवं अनुवाशिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. एस. शुक्ला का अतिमहत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही डॉ. संजय सिंह, डॉ एस. बी अग्रवाल डॉ डी. एन. श्रीवास. डॉ. शिव रामकृष्णन, डॉ. आशीष गुप्ता की स्तुति शर्मा, डॉ निधि पाठक का विशेष सहयोग रहा साथ ही डॉ अनीता बब्बर डॉ. मनोज श्रीवास्तव डॉ. विभा पाडे एवं डॉ रजनी शर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# धूमधाम से मनाई गई माता शबरी की जयंती

जबलपुर। आदिवासी शबरी धाम, परसराम कुण्ड मोहनिया मानेगांव में शबरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव सुमन अर्पित किए गए। आयोजन में काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग, महिलाएं, बच्चों की उपस्थिति रहीं। इस मौके पर पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया ने कहा कि भक्त शिरोमणि माता शबरी जो आदिवासी समाज से थीं। प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी निष्काम भक्ति, आदर, प्रेम और सस्नेह के कारण आज वे आदिवासी समाज के लिए पूज्यनीय बन गई है महाग्रंथ रामायण और अन्य ग्रंथों में ज भी शबरी के जूठे बेर का वृतांत मिलता है। ऐसी त्यागमयी प्रतिमूर्ति को हम सब उनकी जयंती पर वंदना करते हैं। इस अवसर पर अन्य अतिथि वक्ताओं ने माता शबरी की यश गाथा पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में खिचड़ी का महाभोग माता शबरी को अर्पित कर भोग प्रसादी उपस्थित जनों को वितरित किया गया।कार्यक्रम के आयोजक मोतीलाल गोंटिया (बाबा), रवि कोल, नरबद कोल, रामू कोल, आरती कोल, सीमा कोल, सुरेश कोल, रमेसु कोल, मनी कोल एवं आदिवासी शबरीमहासंघ के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष रोशल लाल कोल, सह सचिव भैयालाल गोटिया, महासचिव जेठूलाल गोटिया, कोषाध्यक्ष मगन सिंह भूमिया, सुमित्रा गोटिया, जितेन्द्र गोटिया, शिवकुमार गोटिया, लल्लू गोटिया, बलवीर गोटिया, बाल्मिकी कोल एवं महिलाओं में इंदिरा पाठक तिवारी, संगीता त्रिपाठी, कमलेश यादव आदि की उपस्थिति रहीं।

# रासेयो स्वयंसेवकों ने 4 घंटे में भरवाए 3 हजार फीडबैक प्रपत्र



जबलपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण - 2022 में जबलपुर को अव्वल बनाने के लिए जिला कलेक्टर टी इलैयाराजा, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग डॉ. लीला भलावी के मार्गदर्शन एवं वित्त नियंत्रक रोहित कौशल, जिला संगठक डॉ आनंद सिंह राणा एवं सहायक नोडल अधिकारी शैलजा सुल्लेरे के निर्देशन में नगर निगम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान जबलपुर नगर निगम परिक्षेत्र में आने वाले महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी और चयनित 300 स्वयं सेवक अपरान्ह 12.15 बजे सिविक सेंटर में एकत्रित हुए। अभियान के प्रथम चरण में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तदुपरांत लोक राग समिति के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग डॉ. लीला भलावी, संभागीय अधिकारी नगर निगम डॉ. राकेश तिवारी, जिला संगठक डॉ आनंद सिंह राणा एवं सहायक नोडल अधिकारी ने हरी झंडी दिखाई। 75 - 75 स्वयंसेवकों की टोलियाँ बनाकर स्वच्छता दूत के रूप में जन जागरुकता के साथ सभी प्रतिष्ठानों, कार्यालयों एवं घरों में दस्तक देकर फीडबैक प्रपत्र भरवाने का कार्य आरंभ हुआ। टोलियां सिविक सेंटर, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज, जयंती काम्पलेक्स का क्षेत्र एवं ओमती थाना तक के क्षेत्र में 4 घंटे में 3 हजार फीडबैक प्रपत्र भरवाए गए ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण - 2022 में जबलपुर नंबर एक पर आ सके।साथ ही नगरवासियों से अपील की है कि स्वच्छता सर्वेक्षण - 2022 में जबलपुर को नंबर एक बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। इस महा अभियान में कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ. अरुणा, तरुण मिश्रा अजय मिश्रा, श्रीमती श्वेता भवदिया, डॉ लीना राय, डॉ रीना, डॉ अशोक बैनर्जी, डॉ नीरज केशरवानी, डॉ प्रज्ञा दुबे, राहुल बोहरे,हर्षित सक्सैना, शशांक सिंह अर्चना सोनी, विशेष चंद्र गुप्ता, राजा तिवारी, माधुरी देशमुख, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, डॉ मनीष तिवारी, डॉ एल एल साहू छाया दुबे, पूजा मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महा अभियान में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, शासकीय मानकुंवर बाई महाविद्यालय, शासकीय होम साइंस महाविद्यालय, हितकारिणी महिला महाविद्यालय, जी. एस. महाविद्यालय, नचिकेता महाविद्यालय, खालसा महाविद्यालय, महाराष्ट्र महाविद्यालय, चंचल बाई पटेल महाविद्यालय, और जे ट्रिपल सी महाविद्यालय, से 300 चयनित स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

# स्व. श्रीमति निम्मी देवी रोहाणी क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



जबलपुर। स्व. दादा ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा चलाये गये हर आयोजन को विधायक अशोक रोहाणी पूरा कर रहे हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता कराकर खिलाड़ियों को आगे बढाने में मदद कर रहे हैं। उक्ताशय के विचार म.प्र. के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दादी मां स्व. श्रीमति निम्मी देवी रोहाणी की टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आशीर्वाद कप 2022 में व्यक्त किये। बी.व्ही. सिंह प्रभारी महाप्रबंधक ओ.एफ.के.जबलपुर ने कहा कि इस आयोजन का इंतजार हर खिलाडी को रहता हैं। इस 25 वें वर्ष के सफल आयोजन के लिये मैं रोहाणी परिवार को धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर विधायक अषोक रोहाणी ने म.प्र. के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, बी.व्ही. सिंह प्रभारी महाप्रबंधक ओ.एफ.के.जबलपुर, डी.के.सिंह उपप्रबंधक ओ.एफ.के. जबलपुर, बी.डी. गौतम कनिष्ठ कार्यप्रबंधक ओ.एफ.के. जबलपुर का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। अर्तिथियों के द्वारा स्व. निम्मी देवी रोहाणी के चित्र पर मार्त्यापण एवं दीप प्रवज्जलन कर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उक्त आयोजन केंट विधानसभा के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिवर्ष किया जाता है। आर्शीवाद कप 2022 में विजेता टीम को 51,000/- नगद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 25,000/- की नगद राशि व ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर 11,000/- व ट्रॉफी तथा चौथे स्थान पर आने वाली टीम को 5100/- रूपये की नगद राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बेस्ट बेस्टमेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट ऑलराउंड एवं प्रत्येक टीम को क्रिकेट किट से सम्मानित किया जावेगा। आज वेस्टलैंड ग्राउंड एवं ओ.एफ.के. कालेज ग्राउंड में कुल 18 मैच खेले गये। जिसमें मैजिक मूवमेंट, यू.एन.वाय. स्टाइगर इलेवन, के.एम.सी.सी., केन्ट इलेवन, रांझी स्पोटिंग, ओ.एफ.के. कालेज, दादा इलेवन अधारताल ब्यायज मैंच के अगले राउंड में पहुंची। इस आयोजन में एम्पायर सतेन्द्र सिंह, रंजीत राय, संजय विष्वे, विलियम राज, चेतन लाहोरिया एवं गजेन्द्रपाल सिंह कमन्टेटर एवं डॉ. आलोक मिश्रा स्कोरर रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिये सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, आदि का सहयोग रहा।

# 15 करोड़ का काम देखने कलेक्टर पहुंचे रानीताल स्टेडियम



तालाब में गंदा पानी नहीं आएगा, सौंदर्यीकरण ऐसा होगा देखते बनेगा

**जबलपुर, यशभारत।** स्मार्ट सिटी के तहत रानीताल स्टेडियम में हो रहे 15 करोड़ के कामकाज को देखने कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी मौके पर पहुंचे। स्टेडियम सौंदर्यता को लेकर किए जा रहे कार्यों की सराहना कलेक्टर ने करते हुए कहा कि काम में गुणवत्ता हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि तालाब में गंदा पानी रोकने के लिए एसटीपी प्लांट का जो कार्य हो रहा है उसे अतिशीघ्र पूरा किया जाए। मालूम हो कि रानीताल स्टेडियम की सुंदरता के लिए फेस-1 और फेस-2 के तहत स्मार्ट सिटी नगर निगम काम कार्य कर रहा है। जिसके तहत 8 करोड़ की राशि खर्च होगी। इसी तरह तालाब में गंदा पानी न आए इसके लिए एसटीपी प्लांट बनाया जा रहा है जो करीब 7 करोड़ में बनेगा। कलेक्टर ने स्टेडियम में तीरांदाजी का भी निरीक्षण किया।कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने तालाब के विकास और सौंदयीज़्करण का जायजा लेने के दौरान यहाँ चल रहे निमाज़्ण कायोज़्को गति देने के निदेज़्श दिये। इसके साथ ही उन्होंने निमाज़्ण कायोज़्की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत भी अधिकारियों को दी है। कलेक्टर ने इस अवसर पर रानीताल तालाब में डंप किये गये कचरे के सेग्रिगेशन के लिये स्थापित प्लांट का भी अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने रानीताल खेल परिसर का भ्रमण कर वेलोड्रम, क्रिकेट स्टेडियम एवं यहाँ संचालित तीरंदाजी एकेडमी का भी निरीक्षण किया। नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ, सीईओ स्माटज़् सिटी निधि सिंह राजपूत एवं कायज़्पालन यंत्री शिवेंद्र सिंह भी उनके साथ थे। ज्ञात हो कि रानीताल तालाब के विकास एवं सौंदयीज़्करण के लिये स्माटज़् सिटी द्वारा फेज-1 में 6 करोड़ एवं फेज-2 में 3 करोड़ रुपये के कायज़् कराये जायेंगे। इसके अलावा यहाँ 7 करोड़ रुपये से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जा रहा है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ले- आउट फाइनल हो गया है।

### क्वालिटी को लेकर थोड़ी नाराजगी दिखाई

कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी ने रानीताल स्टेडियम विकास कार्य को लेकर उस वक्त नाराजगी दिखाई जब कुछ कामों में क्वालिटी कम नजर आई। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर इसके बाद कचरा प्लांट का दौरा किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, स्मार्ट सिटी सीईओ निधि सिंह राजपूत मौजूद थी।

# मंडी मदार टेकरी में हटाये गये अतिक्रमण

जबलपुर। मण्डी मदार टेकरी में आज नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने अतिक्रमण कार्रवाई की। इस दौरान कब्रिस्तान बाउड्री के किनारे बने अतिक्रमणों को हटाने के साथ ही दुकानदारों द्वारा बनाये गये शेड भी तोड़ने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण की इस कार्रवाई के दौरान स्थानीयजनों द्वारा विरोध भी किया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर इलैयाराजा टी के निर्देश पर शहर की सुंदरता में दाग लगा रहे



इन अतिक्रमणों को लगाातार ध्वस्त किया जा रहा है ,जिसके चलते आज मंडी मदार टेकरी से रद्दी चौकी क्षेत्र तक यह कार्रवाई की जायेगी।गौरतलब है कि स्वच्छता अभियान के चलते शहर की खूबसूरती में नासूर बन रहे इन अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है वही जरूरत है कि इनकी मॉनिटरिंग भी की जाये ताकि दुबारा यह अतिक्रमण काबिज न हो पाये और जबलपुर केवल स्वच्छता अभियान के निश्चित दायरे से बाहर आकर हमेशा सुंदर दिखाई दे।

# बैंक से घर जा रही महिला को लूटा

## बरेला में वारदात,20 हजार रुपयों से भरा बैग छीन कर भागे

जबलपुर, यशभारत। बरेला थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और भाग गए। वारदात की सूचना मिलते ही बरेला थाना प्रभारी जितेंद्र यादव मौके पर पहुंच गए और पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी। बरेला थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि बर्मन मोहल्ला निवासी 37 वर्षीय संगीता बर्मन शुक्रवार दोपहर में पैसे निकालने के लिए यूको बैंक गई थी, दोपहर में करीब बजे वह पैसे लेकर अपने घर जा रही थी तभी बैंक से थोड़ी दूर एक गली में पीछे से आए 2.30 बजे बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से रुपयों भरा बैग छीन लिया और तेजी से बाइक चला कर भाग गए। बताया जा रहा है कि बदमाश बैंक से ही महिला पर नजर रखे हुए थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देकर भाग गए, पुलिस को बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध युवक भी देखा है,बरेला थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि बैंक एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रेल संचालन में आने वाली बाधा के लिए रेल प्रशासन होगा जवाबदार : लिटोरिया

**जबलपुर यशभारत ।** रेलवे लाइन बॉक्स मे रेलवे के लगभग 25 किलोग्राम वजनी संरक्षा उपकरण, टूल्स व अन्य सामान रखा जाता है. ये सारा सामान ट्रालीबैग मे रखकर स्टेशन से यार्ड व यार्ड से स्टेशन तक आना-जाना बहुत तकलीफ देय होगा. इस निर्णय के विरोध में जबलपुर रेलवे स्टेशन के साथ-साथ रेल मंडल के सतना, एन.के.जे. सागर के क्रू लॉबी के सामने शुक्रवार को बड़ी संख्या में रनिंग स्टाफ ने एक दिनी धरना दिया. इस मौके पर यूनियन ने रेल प्रशासन को चेतावनी दी कि लाइन बाक्स को यदि बंद किया जाता है तो इसके गंभीर परिणाम होंगे.यूनियन के मंडल सचिव नवीन लिटोरिया ने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा रनिंग स्टाफ का लाइन बॉक्स बंद करने के विरोध में पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलो मे एक दिवसीय धरना किया गया. यदि रेल प्रशासन ने एकतरफा निर्णय लेकर इस आदेश को लागू करेगा, तो रेल संचालन मे आने वाली बाधा के लिये रेल प्रशासन जवाबदार होगा. मीटिंग में का. बी.एन.शुक्ला, का. सुशान्त नील, का. संतोष यादव, का. नीरज, का. डी.आर. पोद्दार, का. रामभजन गुप्ता, का. एस. विश्वास, का. बी.के.सिंह, का.धीरज, का. गोविन्द श्रीवास, का. विश्वजीत, का. राम अभिलाश, का. अविनाश लांडगे, का. आशीष सोनी, का. दलसिंह रघुवंशी, का. एम.एस. धुर्वे, का. अजय बाजपेयी, का. अजय गोस्वामी, सहित लगभग 200 रेल कर्मचारी उपस्थित रहे.

## काशी एक्सप्रेस से गिरकर छात्र की मौत

**जबलपुर यश भारत।** बनारस से चलकर मुंबई जाने वाली काशी एक्सप्रेस में सतना से सवार हुए एक 20 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिर जाने के कारण मौत हो गई मृतक के पास में लिख कागजात के अनुसार गाडरवारा जीआरपी द्वारा परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरवाड़ा का रहने वाला 20 वर्षीय मोहित डेहरिया पिता अशोक डेहरिया सतना में रहकर पढ़ाई करता है वह बीती रात काशी एक्सप्रेस में सवार होकर अपने घर जा रहा था गाड़ी नरसिंहपुर स्टेशन पहुंचने की पूर्व उसने चलती गाड़ी उतारने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गइ।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य : कुछ ट्रेनें परवर्तित मार्ग से जाएंगी

**जबलपुर, यशभारत ।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पश्चिम रेलवे में केएसआर बेंगलुरु मंडल के मलुगुरु रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण इस मार्ग से होकर चलने वाली कुछ गा?ियों को परवर्तित मार्ग से होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली *गाड़ी संख्या 12194 जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन 26 फरवरी 2022 को अपने परवर्तित मार्ग से वाया डोन जं., रेणुगुंटा जं., जोलारपेटटै जं., बांगरपेट, बानसवाड़ी होते हुए जाएगी। इसी प्रकार पमरे से गुजरने वाली ट्रेन गाड़ी संख्या 22684 लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन 24.02.2022 एवं 03.03.2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रारम्भ होकर परिवर्तित मार्ग वाया डोन जं., रेणुगुंटा जं., जोलारपेटटै जं., बांगरपेट, बानसवाड़ी होते हुए जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को, समझौते पर मिलेगी छूट

जबलपुर , नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को आयोजित होगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण करवाने का आग्रह किया है। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं,ऐसे प्रकरणों के त?वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाए गए ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति/अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

# ट्रैक का रखरखाव : पमरे कर रहा पांच प्रकार की मशीनों का उपयोग

**जबलपुर यश भारत** भारतीय रेलवे आत्मनिर्भर बनने की ओर उठा रहा सराहनीय कदम। आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बढ़ाते हुए पश्चिम मध्य रेल भी नई तकनीक की मॉर्डन टेक्नोलॉजी मशीनों का उपयोग कर रहा है। रेल पटरी के गति एवं एक्सल लोड की क्षमता में नए आयाम कायम करने के लिए भारतीय रेल ने अपने ट्रैक को सुदढ़बनाया है तथा उसके उच्च गुणवत्तायुक्त रखरखाव के लिए उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके नये आधुनिक ट्रैक को उपलब्ध करा रहा है। वर्तमान में न केवल यात्री परिवहन में दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही हैं बल्कि माल ढुलाई के क्षेत्र में भी रेलवे नये-नये मापदंडों को स्थापित कर लगातार इस क्षेत्र में इजाफा कर रहा है। नये जरूरतों को देखते हुए रेलवे द्वारा अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इन अत्य आधुनिक मशीन के द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेकों प्रकार के कार्य सुगमता से सरलता से किये जाते हैं। मशीन के द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है, और साथ-साथ में रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल



एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है जिससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है। रेल ट्रैक पर अधिक यातायात ट्रेनों की आवर्ती एवं दिनोदिन बढ़ती गति को ध्यान में रखते हुए आज मशीन का महत्व अत्यधिक आवश्यक हो गया। विशेषकर ट्रैक पर तेज गति की यात्री गा?िया एवं भारी माल वाहक माल गाड़िया का परिचालन 24 घण्टे होता रहता है। ऐसे व्यस्त समय में मशीन कम समय के ब्लॉक में ही मैनुअल कार्य के तुलना में अधिक कार्य एवं विश्वसनीय तथा उच्च गुणवत्तायुक्त और सुरक्षित किया जाता है।

पश्चिम मध्य रेल में ट्रैक रखरखाव के लिए नई उच्च तकनीक मशीनों से किये गये कार्यो की प्रगति वित्तिय वर्ष 2021-22 में अप्रैल से जनवरी तक की समीक्षा इस प्रकार है। पश्चिम मध्य रेल में पाँच प्रकार की टैम्पिंग मशीन से उपयोग कर ट्रैक का रखरखाव उच्च तकनीक से किया जा रहा है। इसमें सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी मशीन.बीसीएम मशीन .टी-28 मशीन.यूएनआईएमएटी मशीन एवंएफआरएम मशीनों आदि का उपयोग किया जा रहा है।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर ।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री राकेश सहरावत के मार्गदर्शन में कर्मचारी निधि संगठन, क्षेत्रीय कल्याण समिति जबलपुर एवं नैशनल हॉस्पिटल के सहयोग से शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों में विशेष उत्साह देखा गया। कुछ जाँचे खाली पेट करायी जानी थी जिसके लिए अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः आठ बजे ही कार्यालय पहुँच गये। नैशनल हॉस्पिटल से आये। डॉक्टर एवं मैडिकल स्टाफ द्वारा कार्यालय के सभी



कर्मचारियों के संबंध में किडनी, लिवर, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर, ई0सी0जी0 एवं अन्य तरह की जाँच की गयी। इस अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री राकेश सहरावत द्वारा नैशनल हॉस्पिटल से आये डॉक्टर एवं मैडिकल स्टाफ का स्वागत किया गया एवं उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के संबंध में जागरूक किया गया तथा स्टाफ सदस्यों को स्वस्थ जीवन के विविध आयाम बताते हुये उनका अनुसरण दैनिक कार्यालयीन कार्य में स्वस्थ मानसिकता के साथ करने का अनुरोध किया गया।

# रेलवे बोर्ड के तुगलती फरमान का विरोध रेलवे मजदूर संघ ने खोला मोर्चा,स्टेशन पर धरना प्रदर्शन

**जबलपुर यश भारत। रेल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रनिंग स्टॉफ के लाईन बाक्स को बंद किये जाने के रेलवे बोर्ड के तुगलकी फरमान के खिलाफ आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है, बल्कि प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है।**

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय व महासचिव अशोक शर्मा के निर्देश पर संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला व मंडल सचिव डीपी अग्रवाल के नेतृत्व में उक्त फरमान के खिलाफ जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर स्थित लोको पायलट, गार्ड लाबी के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन कर रेलवे प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।मंडल सचिव डीपी अग्रवाल व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने कहा कि रेल संचालन के बेहद जरूरी उपकरण डेटोनेटर, रेल लेम्प, टार्च, हेड सिंग्नल पेग लकड़ी की रॉड, वॉकी-टॉकी, त × स्क्र बुक, एक्सीडैन्टल मेन्युअल गार्डस, सर्टिफाईड बुक, शिकायत बुक, वर्किंग टाइम टेबल, पेड लॉक, ड्रेस के अतिरिक्त व्यक्तिगत कपड़े आदि लाईन बाक्स के अंदर रखे जाते हैं जो कि कभी भी और कहीं भी किसी अप्रिय घटना को रोकने व निर्बाध रूप से रेल चलाने में प्रयुक्त होते हैं। लाईन बाक्स से पश्चिम मध्य समेत पूरे भारतीय रेल में हजारो लोगो को रोजगार मिलता है।उपमंडल सचिव संतोष त्रिवेणी व एसके सिंह ने कहा कि रेल प्रशासन द्वारा उक्त तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेने की दशा में रेल के पहिये जाम की स्थिति बन सकती है। प्रदर्शन के दौरान एसआर बाउरी, कुलदीप परसाई, यशविंद कुमार, अनिल मवासे, मुकेश यादव, अमोद कुमार, संजय चौधरी, श्मामकला श्रीवास्तव, नारेबाजी कर आक्रोश जताया। मंतोष सिंह, डीबी सरकार, शेख सलीम, शिशिर कौरव, पकंज वर्मा, जेपी यादव, विश्वमित्र मंगलू, अजय कुमार शर्मा, अमृत लाल, दीपक केसरी, तरुण बत्रा, धर्मेन्द्र चौधरी आदि ने आक्रोश जताया।

# शहर में चंहुओर फैली बसंत की बहार



**जबलपुर।** बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही शहर में चंहूओर स्वच्छता की ब्यार बहने के साथ-साथ नगर निगम के उद्यानों में फूलों की बहार दिखाई देने लगी है। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ की साकारात्मक निगरानी शहर में सभी जगह देखने को मिल रही है। खासकर शहर में बात स्वच्छता की हो या उद्यानों के रखरखाव तथा वहॉ व्यवस्था की, सारी चीजें नागरिकों के लिए व्यवस्थित कराई जा रही है। नगर निगम के प्रमुख उद्यान भॅंवरताल जो संस्कारधानी के लोगों के लिए दिल की ध?कन के समान है, यहाँ प्रतिदिन हजारों लोग स्वच्छ वातावरण और फूलों की खुशबू के बीच परिवार के साथ पार्क में बैठकर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। पूरा भॅंवरताल उद्यान इस समय विभिन्न प्रजातियों के खुशबूदार फूलों और पौधों से महकने लगा है। पार्क में आम के पौधों के ऊपर बौरा भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। भॅंवरताल पार्क में नागरिकों के लिए सेल्फी प्वाइंट के रूप में एक बहुत सुन्दर, आकर्षक और सुव्यवस्थित सुरक्षित मचान स्थल के अलावा आई लव जबलपुर का स्टैण्ड स्थल भी सैलानियों को खूब लुभा रहा है, इसके साथ-साथ पार्क परिसर में ही एक स्कैपिंग लैंड तैयार कराकर घना मिनी वन भी विकसित किया गया है जहॉ लोग बसंत ऋतु के मौसम में शीतल वायु का आनंद उठाते नजर आते हैं। भॅंवरताल के अलावा शहर में नगर निगम द्वारा 206 उद्यान संचालित किये जा रहे हैं जिसमें प्रमुख रूप से डुमना नेचर पार्क, शिव नगर पार्क, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, शैलपर्ण उद्यान, रानीताल, आधारताल, नेहरू उद्यान, आदि में नगर निगम द्वारा नागरिकों एवं सैलानियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मनोरंजन के लिए व्यवस्थाएँ संचालित हैं। व्यवस्थओं के संबंध में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि सभी 206 उद्यानों में नियमित रूप से घास की कटाई, फुटपाथ की साफ-सफाई, पेड़ो की कटाई, छटाई एवं धुलाई कराई जा रही है, जिससे कि यहॉ आने वाले सैलानी साफ, स्वच्छ सुन्दर एवं खुशबूदार माहौल में सुकून के पल बिता सकें।

# सांसरिक गुण दोषों को देखने से अच्छा दरिद्र नारायण सेवा : बाबा कल्याणदास

जबलपुर। व्यक्ति को पुरूषार्थ के साथ हरि भक्ति, कथा श्रवण अवश्य करना चाहिए।क्योंकि पुरूषार्थ करने के साथ-साथ भवसागर पार करने के लिए भगवान का भजन कीर्तन और पूजन अर्चन आवश्यक है। भक्त को भगवान की कथा और दर्शन करने मात्र से जीवन पर्यन्त आनंद ही आनंद रहता है। व्दारिका में राजा कृष्ण का परम वैभव है लेकिन वृंदावन मे भक्ति है, इसलिए सभी शांति और सुख के लिए वृंदावन धाम मे गोपी बनकर सभी भगवान श्रीकृष्ण के चरण कमल का आसरा लिये है। उक्त उदगार शिव योगी आश्रम भटौली ग्वारीघाट के भूमि पूजन समारोह, श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह के तृतीय दिवस व्यास पीठ से नृसिंह पीठाधीश्वर परम पूज्य स्वामी डा नरसिंह दास महाराज के मुखारविंद से अमृत वर्षा हुई। दिक ग्रंथो का अध्ययन करना चाहिए। संत समागम मे



गुप्तेश्वरपीठाधीश्वर स्वामी मुकुंद दास महाराज, पूज्य डा राधे चैतन्य जी महाराज, पूज्य बालक दास महाराज, पूज्य अनूप देव महाराज जी के आशीर्वचन और सनिध्य प्राप्त हुआ।व्यास पीठ का पूजन अर्चन चंद्र कुमार भनोत , अशोक मनोध्याय, सांवल दास खत्री , जगदीश साहू, शिव कुमार मिश्र, सुनील भागचंदानी, विजय चौधरी, रचना केशरवानी , शीला चौबे, सुनीता पटेल, खेमचंद्र महावर, रामलाल रजक, शिव कुमार मिश्र, प्रकाश मांझी, पन्नालाल बर्मन, शंकर कुशवाहा, ज्योति शर्मा, वीणा तिवारी,संध्या, विध्येश भापकर, हरीश मनोध्याय, अनिल तिवारी,सहित भक्त वृंदों की उपस्थिति रही।


Trusted CCTV CAMERA Sales & Sarvice Since- 2009
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC 0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कठपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर Mob:-9098983263,9131193852

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

# 10 करोड़ की लागत से बनेगा आलू एग्रो पार्क

**इंदौर।** केंद्र सरकार के रूरबन मिशन के तहत इंदौर जिले के सिमरोल क्षेत्र में आलू पर आधारित एग्रो पार्क विकसित किया जाएगा। इसकी लागत लगभग 10 करोड़ रुपये होगी। एग्रो पार्क में कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउस और आलू की चिप्स बनाने की प्रोसेसिंग इकाई स्थापित की जाएगी। किसानों का समूह या सहकारी समिति बनाकर यह काम किया जा सकता है। इसमें सिमरोल, शिवनगर, मेमदी, दतोदा और घोसीखेड़ा ग्राम पंचायतों के आलू उत्पादक किसानों को जोड़ा जाएगा। अब जिला प्रशासन और जिला पंचायत मिलकर इस एग्रो पार्क की रूपरेखा तैयार करेंगे। दरअसल, रूरबन मिशन के तहत यह योजना एक साल पहले बनाई गई थी, लेकिन अब तक इसमें कोई काम नहीं हो सका है। आलू के एग्रो पार्क की संभावनाएं तलाशने के लिए जिला पंचायत, उद्यानिकी और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी शुक्रवार को एक साथ सिमरोल पहुंचे। उन्होंने पांचों ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को बुलाकर बैठक की।

**एग्रो पार्क में कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउस और आलू की चिप्स बनाने की होगी प्रोसेसिंग**

अधिकारियों ने बताया कि आलू आधारित एग्रो पार्क बनने से यहां किसानों के आलू की ग्रेडिंग हो सकेगी। आलू को लंबे समय तक रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जाएगा। साथ ही आलू की चिप्स बनाकर बेचने से किसानों को अधिक दाम मिल सकेंगे। जब



अधिकारियों ने ग्राम पंचायत पदाधिकारियों को इस एग्रो पार्क की अवधारणा के बारे में बताया तो उन्होंने इसमें रुचि ली और एग्रो पार्क विकास पर सहमति दी। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अनिल पंवार, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक त्रिलोकसिंह वास्केल, रूरबन मिशन के परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री एसके सोलंकी आदि अधिकारी शामिल थे। बैठक में तय हुआ कि एग्रो पार्क के लिए तकनीकी मार्गदर्शन लेने और इसकी डीपीआर बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग की ओर से कंसल्टेंट नियुक्त किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सिमरोल क्षेत्र में आलू का अच्छा उत्पादन होता है, इसलिए यहां आलू आधारित एग्रो पार्क विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# महिलाओं को मिलेगी शी लाउंज व बेबी फीडिंग जोन की सुविधा

## बनेगा भोपाल का स्मार्ट न्यू मार्केट



**भोपाल।** राजधानी के प्रमुख बाजार न्यू मार्केट में दुकानदारों व ग्राहकों को मूलभूत सुविधाओं के साथ उच्चस्तरीय सुविधाएं भी मिलेंगी। न्यू मार्केट को स्मार्ट बनाने के लिए करीब दो करोड़ रुपये से सुंदरीकरण किया जा रहा है। यहां खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को शी लाउंज के साथ बेबी फीडिंग जोन की सुविधा भी मिलेगी। इनके लिए अलग से टू व्हीलर पार्किंग के साथ फोर व्हीलर वाहनों के लिए भी पिंक पार्किंग बनाई जाएगी। सुरक्षित माहौल में लोग खरीदारी व बिक्री कर सकें, इसके लिए पूरे बाजार की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश गंगराडे ने बताया कि लंबे समय से व्यापारी बाजार में मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे थे। इसके लिए नगर निगम व स्मार्ट सिटी कंपनी से निरंतर पत्राचार किया जा रहा था। सुंदरीकरण के प्रथम चरण में पूरे बाजार की नए सिरे से फ्लोरिंग की जा रही है। पेबल्स ब्लाक बिछाया जा रहा है। बाजार के पांचों प्रमुख प्रवेश द्वारों पर हाई रिज्योलूशन वाले सीसीटीवी कैमरे के साथ एलईडी लाइटें लगाई जा रही हैं। निगम अधिकारियों से प्रीमियम पेड पार्किंग की बात भी चल रही है। यदि खरीदारी करने वाले लोग कम समय की वजह से स्मार्ट पार्किंग में वाहन पार्क नहीं कर पाते हैं, तो इनके लिए एसबीआई एटीएम के पास प्रीमियम पेड पार्किंग बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। 20 रुपये देकर लोग दुकानों के करीब वाहन पार्क कर सकेंगे।

### आग से बचाने के लिए टू व्हीलर अग्निशमन यंत्र

न्यू मार्केट जैसे व्यस्त बाजार में गलियां बहुत संकरी हैं। यहां दुकानदार दुकान के बाहर काउंटर रखकर व कुछ अवैध तरीके से लोग फुटपाथों पर अपना व्यापार कर रहे हैं। यदि आग लग जाए तो फायर ब्रिगेड के घुसने के लिए भी जगह नहीं है। ऐसे में व्यापारियों ने निगम से टू व्हीलर अग्निशमन यंत्र की मांग की है, ताकि जल्द से जल्द आग पर काबू पाया जा सके।

न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ के प्रयास से बाजार के सुंदरीकरण के प्रथम चरण का काम चल रहा है। इसके तहत शी लाउंज, प्रवेशद्वार व चौराहों का सौंदर्यीकाण किया जा रहा है। आगामी चरण में आरओ वाटर प्याउ, वाटर हाइड्रेंट के साथ अन्य विकास कार्य किया जाना है। इससे एक ओर व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर खरीददारों को भी बाजार में आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

**- अजय देवनानी, न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ**

सुंदरीकरण के बाद व्यापारियों व खरीदारों को उच्चस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। यहां विशेषकर महिलाओं के लिए शी लाउंज विद बेबी फीडिंग जोन बनाया जा रहा है। साथ ही महिलाओं के चार पहिया वाहनों के लिए अलग से फोर व्हीलर पिंक पार्किंग बनाई जाएगी। फ्लोरिंग में पेबल्स ब्लाक लगाने से लोगों को घूमने-फिरने में आसानी होगी। व्यापारियों के साथ ही आम जनता को इसका लाभ मिलेगा।

**-अंकित अस्थाना, सीईओ स्मार्ट सिटी**

### शी लाउंज में मिलेंगी ये सुविधाएं

करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस शी लाउंज में महिलाओं के लिए वाशरूम, ड्रेसिंग रूम, सेनेटरी नैपकिन डिस्पेंसर और बेबी फीडिंग जोन की सुविधा मिलेगी। शी लाउंज में महिला कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। यहां एक लेडी गार्ड व एक लेडी अटेंडर रहेगी। शी लाउंज में टायलेट व वाशरूम का उपयोग निश्शुल्क रहेगा। इसके अलावा नैपकिन, कैफे व अन्य सुविधाओं का शुल्क चुकाना होगा।


### एलईडी लाइट से जगमगाएगा

न्यू मार्केट में नगर निगम द्वारा एलईडी लाइटें लगाने का काम भी चल रहा है। इससे बिजली खपत भी कम होगी। व्यापारियों ने बताया कि दस लाख रुपये से यहां एलईडी लाईटें लगाई जानी हैं। अभी प्रथम चरण में मुख्य द्वारों पर एलईडी लाईटें लगाई जा रही हैं। साथ ही सभी प्रमुख द्वारों पर स्वचलित गेट होंगे। बाजार के बाहर ही वाहन खड़े हों, इसके लिए न्यू मार्केट को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा।

### शार्ट सर्किट रोकने के लिए अंडरग्राउंड केबलिंग

न्यू मार्केट में बिजली के तारों का मकड़जाल फैला हुआ है। बिजली के खुले वायर पोल पर लटक रहे हैं। इनके शार्ट सर्किट से आए दिन बाजार में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। व्यापारी महासंघ लंबे समय से पूरे बाजार में अंडर ग्राउंड केबलिंग की मांग कर रहा था। इसे भी स्मार्ट सिटी द्वारा स्वीकृत दे दी गई है। जल्द ही बाजार में पोल पर झूल रहे तारों में कमी आएगी। साथ ही सीवेज नेटवर्क को भी दुरुस्त किया जाएगा।





# भोपाल में सब्जियों की हो रही बंपर आवक, दाम घटे

**भोपाल ।** राजधानी की करोंद सब्जी मंडी सहित भदभदा व आनंद नगर मंडी में सब्जियों की आवक बढ़ गई है। इससे सब्जियों के भाव 20 फीसद तक कम हो गए हैं। भोपाल से लगे आसपास के जिले नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, आष्टा, रायसेन, विदिशा समेत रतलाम, खरगौन, खंडवा से सब्जियों की आवक होने लगी है। आवक बढ़ने से सब्जियों के दाम कम हो गए हैं। बीते महीने जनवरी व 10 फरवरी तक बीच-बीच में भोपाल समेत प्रदेश के अलग-अलग शहरों में हुई बारिश के कारण खेतों में लगी सब्जियां मंडी तक कम मात्रा में आ रही थीं। इससे सब्जियां 60 से 80 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गई थीं, जो अब 40 रुपये प्रतिकिलो फुटकर में मिलने लगी हैं। सब्जी के थोक व्यवसायी व फुटकर विक्रेताओं की मानें तो अच्छी आवक होने से आगामी एक महीने तक सब्जियों के दामों में कमी बनी रहेगी। थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ के अध्यक्ष मोहम्मद नसीम ने बताया कि भले ही अभी सर्दी विदा लेने लगी है, लेकिन सर्दी के मौसम में आने वाली सब्जियां जैसे फूल गोभी, पत्ता गोभी, बैंगन, पालक, मेथी मिल रही है।

# 315 करोड़ रुपये के GST फर्जीवाड़े का राजफाश

### कागजों पर दिखाई जा रही फर्मों की जांच



**भोपाल ।** श्रीनाथ सोया एक्सिम कार्पोरेट फर्म एक आटो चालक सचिन पटेरिया के नाम पर संचालित हो रही है। पंजीयन के समय जो आवेदन दिया गया, उसमें जिस मकान मालिक के हस्ताक्षर का किरायानामा लगा है, उसकी मृत्यु कई साल पहले ही हो चुकी है। इसी तरह अग्रवाल आर्गेनिक और अग्रवाल ओवरसीज का आस्तित्व ही नहीं पाया गया। इस तरह के कई और मामले वाणिज्यिक कर विभाग के अभियान में सामने आए हैं। इसमें 315 करोड़ रुपये का जीएसटी के फर्जीवाड़े का राजफाश हुआ है। स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो इंदौर-ए के अधिकारियों ने डाटा का विश्लेषण करके बोगस फर्मों की सप्लाई चेन को उजागर किया है, जो करोड़ों रुपये का बोगस टर्न ओवर कर रहे थे। एंटी इवेजन ब्यूरो इंदौर-ए के संयुक्त आयुक्त मनोज चौबे ने बताया कि विभाग की इस कार्रवाई से करोड़ों रुपये के बोगस टर्नओवर का पता लगा है। डाटा के विश्लेषण के दौरान यह पाया गया कि कुछ फर्म नया पंजीयन लेकर कम समय में ही बड़ा टर्नओवर कर रही थी। जब व्यवसाय स्थलों का परीक्षण किया गया तो वहां किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियां संचालित नहीं होना पाया गया। माल वास्तविक रूप प्रदाय किए बिना ही फर्जी बिलों के आधार पर अन्य व्यवसाइयों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) का लाभ दिया गया। इसके अलावा पंजीयन में जो दस्तावेज लगाए गए, उसमें भी गड़बड़ी मिली। इंदौर सहित नीमच में एक साथ कई फर्मों के ठिकानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कई फर्म सिर्फ कागलों पर संचालित पाई गई। जबकि, इनके द्वारा 315 करोड़ रुपये की आपूर्ति दिखाकर लगभग 15 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ अन्य फर्मों को दिया गया। इसमें श्री वैभव लक्ष्मी इंडस्ट्रीज का व्यवसाय बताए गए स्थान पर नहीं पाया गया। फर्म के पंजीयन के आवेदन के समय जो किरायानामा प्रस्तुत किया गया था, वो कूटरचित निकला। स्थान के मालिक ने इसे फर्जी बताते हुए बयान दिया कि उन्होंने व्यवसाय स्थल किसी को किराए पर नहीं दिया। इसी तरह अग्रवाल ऑर्गेनिक एवं अग्रवाल ओवरसीज फर्म का आस्तित्व नहीं पाया गया। इन बोगस फर्मों द्वारा मध्य प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के बाहर की जिन फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ दिया गया है, उनके विरुद्ध विभाग कार्रवाई करके जो लाभ दिया गया है, उसकी वसूली करेगा। विभाग के सहायक आयुक्त हरीश जैन ने बताया गया कि विभाग द्वारा डाटा का विश्लेषण के आधार पर जिन अन्य फर्मों द्वारा इस प्रकार के फर्जी संव्यवहार किए जा रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।

# केंद्रीय विद्यालय में पहली कक्षा में 06 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं मिलेगा प्रवेश

भोपाल। देशभर के 1200 से ज्यादा केंद्रीय विद्यालयों में पहली से नौवीं कक्षा तक में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहली कक्षा के लिए आनलाइन पंजीकरण 28 फरवरी सुबह 10 बजे से से 21 मार्च शाम 7 बजे तक किया जा सकेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए इस सत्र में बच्चों की उम्र को बढ़ा दिया है। सत्र 2022-23 से कक्षा पहली में पंजीयन के लिए अब बच्चे की उम्र एक मार्च 2022 तक छह साल पूरी होनी चाहिए। हालांकि पहले यह उम्र पांच साल थी। नामांकन फार्म अंगठन(केवीएस) ऐसे में जो भी अभिभावक अपने बच्चों को केंद्रीय ािनलाइन भराए जाएंगे। केंद्रीय विद्यालय सवद्यालय में दाखिला दिलाना चाहते हैं, तो वे इस दौरान केवीएस की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। केवीएस पहली कक्षा में दाखिले के लिए पहली सूची 25 मार्च को जारी की जाएगी। वहीं दूसरी और तीसरी सूची एक अप्रैल और आठ अप्रैल को जारी की जाएगी। इसके अलावा कक्षाओं में सीटों का आरक्षण केंद्रीय विद्यालय के प्रवेश दिशा-निर्देश के अनुसार किया जाएगा। इसके अलावा दूसरी कक्षा एवं इसके उऊपर के कक्षाओं में नामांकन की सूची 21 अप्रैल को सीटें खाली रहने पर जारी की जाएगी। वहीं दाखिले से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए अभिभावकों को स्कूल से भी जानकारी लेनी होगी। राजधानी में पांच केंद्रीय विद्यालय है।

मैदामील स्थित केवी-1, शिवाजी नगर में केवी-2, केवी-3 होशंगाबाद रोड और केवी-4 बंगरसिया और केवी-5 बैरागढ़ में स्थित है। सभी केवी में पहली कक्षा में करीब 650 सीटें उपलब्ध है। अभिभावकों ने कहा कि बहुत दिनों से वे केवी के पंजीयन के लिए आवेदन का इंतजार कर रहे थे। अब प्रक्रिया शुरू हो जाएगी तो वे आवेदन करेंगे, लेकिन उम्र की सीमा बढ़ाने से कई अभिभावक खुश नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि पहली कक्षा में कम उम्र में दाखिला कराने से बच्चों के मानसिक स्तर का विकास सही से नहीं हो पाता है।

# होटल मैनेजर को फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाकर लगाई 14 हजार की चपत




**भोपाल।** आनलाइन भुगतान का फर्जी स्क्रीन शाट भेजकर होटल में ठहरे एक युवक ने फर्जी फोन-पे ऐप के माध्यम से धोखाधड़ी की। ठगी का अहसास होने पर मैनेजर ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम पुलिस में की थी। पुलिस ने इस मामले में इंदौर एक इंवेट कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने कबूल किया कि उसने यू-ट्यूब के माध्यम से फर्जी फोन-पे ऐप से धोखाधड़ी करने का तरीका सीखा था। पुलिस के मुताबिक मामले में शिकायत लालघाटी स्थित नमन पैलेस होटल के मैनेजर ईश कुमार ने साइबर क्राइम में की थी। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2021 में एक व्यक्ति उनके होटल में दस दिनों तक रुका था। होटल छोड़ते समय उसने 14 हजार 570 रुपये का आनलाइन भुगतान किया और चला गया। मैनेजर को उसने भुगतान का स्क्रीन शाट दिखाया था। बाद में पता चला कि वह रुपये होटल के खाते में पहुंचे ही नहीं। पुलिस ने आरोपित कपिल लुल्ला उर्फ टोडी (34) निवासी विधाता अपार्टमेंट राजमहल कालोनी इंदौर को गिरफ्तार किया है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, मारपीट

उधर, गुनगा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला के साथ दिनदहाड़े घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गुनगा थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक 25 वर्षीय महिला की शिकायत पर एक मनचले के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट करने का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि गुरुवार दोपहर को वह घर में अकेली थी, तभी गांव का ही रहने वाला अजय सहरिया नाम का युवक उसके घर में घुस गया और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर अजय ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मदद के लिए शोर मचाने पर वह भाग निकला। शिकायत के बाद पुलिस ने अजय को गिरफ्तार कर लिया।

# एक हजार रुपये से कम फसल बीमा का भुगतान रोका

भोपाल। मध्य प्रदेश में पहली बार किसी भी किसान को एक हजार रुपये से कम का फसल बीमा नहीं मिलेगा। यदि किसी किसान के खातें में एक हजार रुपये से कम फसल बीमा की राशि अंतरित भी कर दी गई है तो उसका भुगतान नहीं होगा। सरकार अंतर की राशि मिलाकर न्यूनतम एक हजार रुपये का बीमा देगा। इसके लिए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से ऐसे किसानों की सूची मांगी है, जिनका बीमा दावा एक हजार रुपये से कम बना है। कंपनियों ने प्रारंभिक तौर पर बताया है कि इस श्रेणी में आने वाले किसानों की संख्या लगभग एक लाख है। विभागीय अधिकारियों का आकलन है कि सरकार को 28 करोड़ रुपये अपनी ओर से अंतर की राशि मिलानी होगी। प्रदेश में पिछले साल खरीफ की फसल बड़े क्षेत्र में अतिवर्षा से प्रभावित हुई थी। किसानों को सहायता पहुंचाने के लिए सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध करके बीमा पोर्टल खुलवाकर पंजीयन कराया। प्रीमियम राशि जमा करने के लिए रविवार को बैंकों की शाखाएं खुलवाई गई थीं। इसका लाभ यह हुआ कि करीब 44 लाख किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन हुआ। खरीफ 2020 और रबी 2020-21 में फसलों को हुए नुकसान के लिए 49 लाख 85 हजार 24 किसानों को सात हजार 618 करोड़ रुपये से अधिक का बीमा स्वीकृत हुआ है। 12 फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैतूल में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में बीमा राशि जमा कराने की शुरुआत की थी। जिन बैंक शाखाओं ने आइएफएससी कोड या बैंक खाते का नंबर गलत दर्ज किया, उन्हें छोड़कर बाकी किसानों के खातों में राशि जमा हो गई है। हालांकि, सहकारी बैंकों द्वारा अपने ऋण का समायोजन फसल बीमा की राशि से किया जा रहा है, जिसको लेकर किसानों में नाराजगी है। वहीं, उन किसानों का फसल बीमा का

**एक लाख किसानों को मध्य प्रदेश सरकार देगी फायदा**



भुगतान रुकवा दिया गया है, जिनका बीमा दावा एक हजार रुपये से कम बना है। दरअसल, सरकार ने तय किया है कि इस बार से किसी भी किसान को एक हजार रुपये से कम फसल बीमा नहीं दिया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग अपने बजट से अंतर की राशि मिलाकर किसान को भुगतान करेगा। प्रारंभिक आकलन के अनुसार लगभग 28 करोड़ रुपये अंतर की राशि सरकार को देनी होगी।

### एसएमएस भेजकर देंगे जानकारी

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस नई पहल की जानकारी सभी किसानों को एसएमएस भेजकर दी जाएगी। बीमा कंपनियों से किसानों की सूची मिलने के बाद कृषि विभाग मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री कमल पटेल की ओर से एसएमएस भेजेगा। इसमें यह बताया जाएगा कि सरकार की ओर से कितनी राशि दी जा रही है।

### 16 हजार 750 करोड़ रुपये का मिल चुका है बीमा

वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू हुई। तब से लेकर अब तक किसानों को 16 हजार 750 करोड़ रुपये का बीमा मिल चुका है। अब तक 73 लाख 69 हजार 614 किसान लाभांवित हुए हैं। सितंबर 2021 में खरीफ 2019 का फसल बीमा चार हजार 688 करोड़ रुपये 20 लाख किसानों को मिला था।

### बीमा कंपनियों से मांगी है सूची

दो करोड़ रुपये से स्मार्ट बनेगा भोपाल का न्यू मार्केट, महिलाओं को मिलेगी शी लाउंज व बेबी फीडिंग जोन की सुविधा कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी ने बताया कि बीमा कंपनियों से उन किसानों की सूची मांगी है, जिनका बीमा दावा एक हजार रुपये से कम बना है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन्हें विभागीय बजट से अंतर की राशि मिलाकर एक हजार रुपये का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

# जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जायेगा- कलेक्टर

*__नरसिंहपुर यभाप्र।__ कलेक्टर रोहित सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय- सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा कर लंबित शिकायतों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिये। बैठक में आगामी कमिश्नर, कलेक्टर्स कांफ्रेंस और समाधान ऑनलाइन के विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन, अवैध शराब विक्रय और माफिया के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।*



बैठक में एक व्यक्ति द्वारा एक से अधिक हितग्राहियों की गारंटी देने संबंधी शिकायत सामने आने पर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश एलडीएम को दिये गये। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। शिविरों में पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करने एवं जन समस्याओं का यथासंभव मौके पर निराकरण करने की हिदायत दी गई। माह के प्रत्येक बुधवार को ग्राम पंचायत स्तरीय और माह के प्रत्येक शुक्रवार को नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास, समग्र स्वच्छता, मनरेगा के अंतर्गत परिसम्पत्ति निर्माण एवं अकुशल अर्द्धकुशल श्रम नियोजन, समग्र पेंशन, आयुष्मान कार्ड, एनआरएलएम, मध्यान भोजन कार्यक्रम, शिक्षा मिशन, संबल आदि सभी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही लोगों की स्थानीय रोजमर्रा की समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जायेगा।

जनसमस्या निवारण शिविर के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। शिविर में नोडल अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण कर निर्धारित बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। वे देखेंगे कि पेंशन सत्यापन एवं कोई भी पात्र आवेदक शेष न रहे। दिव्यांगों का चिन्हांकन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदाय कर आवश्यक लाभ दिया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास एवं आवास प्लस की सूची चस्पा करना सुनिश्चित कर हितग्राहियों को इसकी सूचना दी जायेगी। अटल ज्योति पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि का क्रियान्वयन एवं लाभ प्रदाय करना सुनिश्चित किया जायेगा। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जायेगा। शतप्रतिशत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किये जायेंगे। बीपीएल पात्रता परीक्षण कर प्रकरण दर्ज किये जायेंगे। सीमांकन के साथ- साथ राजस्व के प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा। पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं पुताई आदि के कार्य कराये जायेंगे। हर घर जल नल-जल योजना के कार्य किये जायेंगे। सिटीजन चार्टर एवं समस्त पंजियों का संधारण सुनिश्चित किया जायेगा। श्रीनगर सेक्टर की ग्राम पंचायतों का भ्रमण 9 मार्च को और गाडरवारा नगरीय क्षेत्र का भ्रमण 11 मार्च को प्रस्तावित है। बैठक में अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य, एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षकों ने पौधारोपण कर लगाए पौधे

### आदर्श हरियाली अभियान के तत्वाधान में हुआ आयोजन



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस साईखेड़ा की शासकीय प्राथमिक शाला खिरकाटोला में शिक्षकों ने आदर्श हरियाली अभियान के तत्वाधान में शाला परिसर में 20 विभिन्न पौधों का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ शिक्षको ने पौधों का पूजन किया। इस अवसर पर बीआरसी गिरीश पटैल ने कहा की पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाया जा सकता है। पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम को उत्कृष्ट साईंखेड़ा प्राचार्य धर्मेन्द्र वर्मा, बीएसी संदीप स्थापक, योगेन्द्र झारिया, अजयशंकर तिवारी, सुषमा तिवारी सहित अन्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक प्रफुल्ल दीक्षित ने किया एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रभारी रामस्वरूप बसेडिया ने किया। शाम को अगले चरण में शिक्षा चेतना टीम के हल्केवीर पटैल, भानु राजपूत एवं पुहुप सिंह पटैल ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर जनशिक्षक प्रशांत राय, मधुसूदन पटेल, राजेन्द्र दुबे, मनोज राजपूत, सतीश कौरव सहित विद्यालय परिवार से रामस्वरूप शर्मा, प्रभा वर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## साईखेड़ा ब्लॉक में आंतरिक परिवार समिति का हुआ गठन

**गाडरवारा यभाप्र।** साईंखेड़ा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतापनारायण ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोषण अधिनियम 2013 के तहत आंतरिक परिवार समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक को बनाते हुए सदस्य के रूप में प्राचार्य अनूप शर्मा, राजेश बरसैयां, श्रीमती सुनीता पटैल, व्याख्याता सायरा अली एवं सहायक ग्रेड 2 श्रीमती किरण अग्रवाल को शामिल किया गया है।

## परम् पूज्य श्री श्री शंकर भारती जी का हुआ आगमन



**करेली यभाप्र।** 800 वर्ष प्राचीन योगनान्देशवर सरस्वती मठ, वेदांत भारती संस्था के महासंरक्षक, दक्षिणामनाय श्रृंगेरी शारदा पीठ के परम पूज्य श्री श्री शंकर भारती महास्वामीजी का करेली नगर आगमन नगर स्थित डीएम पैलेस में हुआ जहा सभी नगर वासियों ने गुरुवर का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक उदय सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके आगमन के पश्चात चरण पादुका का पूजन हुआ, जिसमे नगर के जनों ने पूज्य स्वामी जी की चरण पादुका का पूजन कर धर्मलाभ लिया पूज्य स्वामी जी द्वारा जिले के धर्माचार्य प्रबुद्ध जनों से जगद्गुरु आदि शंकराचार्य कृत सौंदर्य लहरी पर संवाद किया जिसमें उन्होंने जगद्गुरु आदि शंकराचार्य कृत सौंदर्य लहरी के सौन्दर्य लहरी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शक्ति के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य ने जीवन के एक मोड़ पर यह महसूस किया कि शक्ति के बिना भगवान की प्राप्ति संभव नहीं है। शक्ति बंधन का कारण बनती है तो मोक्ष का माध्यम भी है। यहीं से शंकराचार्य ने सौन्दर्य लहरी की रचना की थी, जिसके पाठ से सुख, शांति व देवी की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि देवी के आह्वान का नृत्य से बढ़िया तरीका क्या हो सकता है। नृत्य मनोरंजन नहीं साधना है। इसके बाद जिले भर से पधारे संत जनों का पूज्य स्वामी जी द्वारा श्री फल एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। पूज्य स्वामी जी को स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल से सम्मान श्रीमती सुशील ममार संदीप ममार अभिमन्यु ममार ने किया।इस अवसर पर नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र सिंह पटेल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, ताराचंद पाराशर, महेश चौरसिया, अनंत दुबे, प्रमेशशंकर शर्मा, जगदीश मिश्रा, शिवरानारायण शुक्ला, भास्कर चौबे, सुनील कोठारी, मदन खत्री, राजेंद्र जैन, प्रमोद गुप्ता, राजेश राज बेहरे, बीएस राजपूत, बलबंत लांबा डॉ आशीष नेमा, डॉ आनंद सिसोदिया, जीएल वर्मा, श्रीमती निशा सोनी, मीनू मंडलोई, लीना ठाकुर, वैशाली ठाकुर, सीमा आचार्य, नीतू आचार्य, तृप्ति ममार, प्रीति गुप्ता, राजीव शर्मा, रमाकांत गुप्ता, अखिलेश ज्योतिषी, ब्रजेश माते रामस्नेही पाठक, राजेश दुबे, प्रमोद दुबे, शैलेंद्र गुप्ता, चंदन गुप्ता अजय आचार्य सचिन नेम शशांक पटेल विजय लुनावत, आर सी पटले, मनोहर हिगाने, आशीष नेमा, नारायण दुबे, देवेंद्र पाठक, जितेंद्र स्वामी, अभिलेष यादव, अभिमन्यु ममार, प्रखर दुबे, रामकुमार वर्मा, सागर गुप्ता, शशांक पटेल, अनुज तिवारी, विधान शर्मा रामकुमार पटेल सागर गुप्ता सहित एवं प्रशासनिक अधिकारियों में जिला खाद्य अधिकारी राजीव सूर्यांश कौरव शर्मा, तहसीलदार लाल साहब जगेत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया, नगर निरीक्षक अखिलेश मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा, सहितजन अभियान परिषद के जयनारायण शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, प्रतीक दुबे, माधवी पाठक की उपस्थिति रही।

## महिला उद्यमियों के लिए 6 सप्ताह का ऑनलाइन प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बैंगलुरू द्वारा महिला उद्यमियों के लिए 6 सप्ताह का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हिंदी में होगा। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। प्रशिक्षण संबंधी विवरण महिला सशक्तिकरण पर उपलब्ध है। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना है। सम्पूर्ण प्रशिक्षण ऑनलाइन मोड में दिया जायेगा। प्रशिक्षण की फीस राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा भुगतान की जायेगी। महिला उद्यमी के लिए अपने व्यवसाय को बेहतर बनाने और अपने व्यावसायिक विचार को परिष्कृत करने के लिए यह अनूठा अवसर है। इच्छुक महिला उद्यमी उक्त वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 27 व 28 फरवरी तथा 2 मार्च को

**नरसिंहपुर यभाप्र।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर रोहित सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह अभियान जिले में 27 एवं 28 फरवरी और दो मार्च को चलाया जायेगा, इसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवाई की खुराक दी जायेगी। कलेक्टर ने जिले में अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे और संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सीएचओ डॉ. अजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 27 व 28 फरवरी तथा 2 मार्च को चलाया जायेगा। पहले दिन बच्चों को बूथ पर पोलियो रोधी दवा पिलाई जायेगी। शेष दो दिन घर- घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी। इस अभियान के तहत जिले में 5 वर्ष तक के एक लाख 62 हजार 30 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में 1248 पोलियो टीकाकरण बूथ बनाये गये हैं। इसकी मॉनीटरिंग 139 सुपरवाईजर करेंगे। डॉ. जैन ने 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अभियान के पहले दिन ही पोलियो टीकाकरण बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो रोधी दवा जरूर पिलायें। अभियान में जनअभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र, एनएसएस, एनसीसी और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग की अपील की गई है। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. अखिलेश पटैल एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एआर मरावी ने बताया कि अभियान के दौरान हाई रिस्क एरिया, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्टों, घुमंतू परिवार, मझरे- टोले जैसे स्थानों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा पोलियो रोधी दवा पिलाई जायेगी। शतप्रतिशत लक्षित बच्चों को दवा पिलाने के निर्देश मैदानी अमले को दिये गये हैं।

## जनशिक्षा केंद्र स्तर पर हुआ प्रशिक्षणों का आयोजन





**गाडरवारा यभाप्र।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शाला प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष सहित समस्त सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह एवं एक दिनी उन्मुखीकरण की तैयारी हेतु प्रधानपाठकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से गत दिवस साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखण्ड के समस्त जनशिक्षा केंद्रों पर सामग्री वितरण के साथ प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

तत्सबंध में मिली जानकारी के अनुसार साइखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन, आदर्श, पलोहाबड़ा, बनवारी, आमगांव छोटा, उत्कृष्ट साईखेड़ा एवं बम्होरी कलां तथा चीचली ब्लॉक अंतर्गत उत्कृष्ट चीचली, बारहाबड़ा, कठौतिया, सूखाखेरी, सालीचौका, करपगांव एवं शाहपुर जनशिक्षा केंद्रों पर आयोजित प्रशिक्षणों में प्रधानपाठकों को शाला प्रबंधन समिति से जुड़ी सामग्री देते हुए विस्तारपूर्वक प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में शाला प्रबंधन समिति के गठन, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, प्रतिभागियों का परिचय, एसएमसी फिल्म पर बातचीत, आईवीआरएस नंबर का उपयोग एवं उपयोगिता, बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए जरूरी तत्व तथा सफल बैठक सफल एस एम सी, शपथ ग्रहण इत्यादि बिंदुओं पर डीआरजी ने विस्तारपूर्वक चर्चा की। जनशिक्षा केंद्र पर प्रशिक्षित प्रधानपाठक 26 फरवरी को माध्यमिक शाला तथा 28 फरवरी को प्राथमिक शालाओं में अपनी शाला के शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का उन्मुखीकरण करेंगे। जनशिक्षा केंद्रों पर हुए प्रशिक्षण में सभी प्रधानपाठकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। उल्लेखनीय है की प्रशिक्षण का उद्देश्य शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को जागरूक करना तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना रहा। बीआरसी डी के पटैल एवं गिरीश पटैल के मार्गदर्शन में जनशिक्षा केंद्रों पर आयोजित प्रशिक्षणों में बीएसी संदीप स्थापक, योगेन्द्र झरिया, मनीराम मेहरा, अरुण दुबे, जनशिक्षकों प्रशांत राय, नेपाल झारिया, सुरेन्द्र राजपूत, देवीसिंह कीर, प्रदीप मालवीय, बनवारी लाल नागवंशी, मो. अपसार खान, प्रमोद पठारिया, रामकृष्ण अहिरवार, सत्यम ताम्रकार, नेतराम कौरव, हरिओम स्थापक, अनूप पालीवाल, अजय नामदेव, संजय सोनी आदि की महती भूमिका रही।

## यूथ फालोअर्स क्लब का गठन

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत दिवस राजमार्ग चौराहा स्थित श्री लीला होटल में क्षेत्र के युवाओं ने संजय शर्मा यूथ फालोअर्स क्लब का विधिवत गठन किया। जिसके पहले चरण में लगभग 200 युवाओं ने क्लब के संयोजक यशवंत आचार्य के साथ, विधायक संजय शर्मा से भेंट कर विधायक के प्रति अपना विश्वास एवं निष्ठा व्यक्त करते हुये रचनात्मक एवं सकारात्मक गतिविधियों में आपसी सामंजस्य बनाकर युवाओं के उत्थान की दिशा में काम करने की बात रखी। इस अवसर पर विधायक संजय शर्मा ने युवाओं को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुये स्पष्ट किया कि निश्चित तौर पर यदि युवा आगे आ जाये तो क्षेत्र की हर समस्याओं का सहजता पूर्वक निदान किया जा सकता है। क्षेत्र में एक अच्छा वातावरण बनाने की दिशा में एक अलग पहचान बनाने की बात रखी।



## पब्लिक ऐप ने पूरे मध्यप्रदेश में 5.2 मिलियन से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं को जोड़ा

मध्यप्रदेश। पब्लिकए भारत का सबसे बड़ा स्थान.आधारित सामाजिक नेटवर्क ने मध्यप्रदेश को भारत में अपने विकास पथ में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक घोषित किया। मध्यप्रदेश भर में 5ण्2 मिलियन उपयोगकर्ताओं द्वारा हर माह 1ण्1लाख वीडियो अपलोड कर ने के साथ इंदौरए भोपालए जबलपुर जैसे शहर मध्यप्रदेश से ऐप पर सबसे सक्रिय क्षेत्र बन गए। मध्यप्रदेश के कुछ शीर्ष राजनेता और राजनीतिक दल जो लोगों से जुड़ने के लिए पब्लिक का व्यापक रूप से उपयोग करते हैंए वे हैं दिग्विजय सिंहए शिवराज सिंह चौहानए कमलनाथए शिवराज सिंह डाबीए भाजपाए आप और युवा कांग्रेस। कोविड.19 के प्रकोप के दौरानए पब्लिक ने मध्यप्रदेश में सत्यापित जानकारी के प्रसार में राजनीतिक नेताओंए सरकारी अधिकारियोंए मीडिया और नागरिक पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम किया।



राजस्थान पहला भारतीय राज्य था जहां पब्लिक ऐप को उसके बीटा चरण में लॉन्च किया गया था। अप्रैल 2019 मेंए प्लेटफॉर्म केवल राजस्थान के 5 जिलों में उपलब्ध था। सबके द्वारा अभूतपूर्व प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बादए पब्लिक ने केवल एक महीने में ही पूरे राज्य में अपना विस्तार कर लिया। उसके बाद पब्लिक ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। पब्लिक ने 2019 के अंत में मध्यप्रदेश में अपने परिचालन का विस्तार किया और तब से इसे बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। पिछले साल पब्लिक ने मध्यप्रदेश के स्थानीय व्यवसायों को अपने ग्राहकों को भू.लक्षित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। व्यवसायों को अपने उत्पादों को हिंदी मेंए जो उस क्षेत्र में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली भाषा हैए में डिजिटल रूप से प्रचारित करने का अवसर मिला। केवल कुछ महीनों कीअवधि मेंए पब्लिक अब मध्यप्रदेश में 2000 स्थानीय ब्रांडों के साथ जुड़ चुका है और इस साल की अंत तक 10000 से अधिक का लक्ष्य है। इन हाइपरलोकल विज्ञापनों के माध्यम सेए वेन केवल अपनी डिजिटल उपस्थिति बढ़ा रहे हैंए बल्कि अपने दर्शकों पर भी गहरा प्रभाव डाल रहे हैं।

मध्यप्रदेश को एक महत्वपूर्ण बाजार बताते हुएए पब्लिक ऐप के चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफ़िसरए तरुण अरोड़ा ने कहाए श्मध्यप्रदेश पब्लिक की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है और हमारे लिए एक प्रमुख मार्केट है । प्लेटफॉर्म पर मौजूद 60 मिलियन से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं में से 5ण्2 मिलियन उपयोगकर्ता मध्यप्रदेश से हैं। हमें यह देखकर खुशी है कि कैसे पब्लिक ऐप ने लाखों नागरिकों के जीवन में बदलाव लाया है और सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी का उनका पसंदीदा स्रोत बन गया है।ष्

पब्लिकए एक हाइपर लोकलसोशल नेटवर्क है जो विशेष रूप से भारत में साथी भारतीयों के लिए तैयार किया गया है और सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। ऐप व्यक्तियों को स्थानीय समुदायों से जोड़ता है और इसका उद्देश्य सत्यापित स्थानीय अपडेटए वाणिज्यए नौकरीए क्लासीफाइड और अन्य के लिए वन.स्टॉप समाधान होना है। 20ए000 से अधिक उच्च.रैंकिंग राजनेताओंए निर्वाचित अधिकारियोंए राजनीतिक दलों और सरकारी विभागों द्वारा स्थानीय लोगों से जुड़ने के लिए पब्लिक का उपयोग किया जाता है। मंच के माध्यम से रो?ाना सैकड़ों समस्याओं को सुना जाता हैए समझा जाता है और उन्हें हल किया जाता है।

## जिले के 1126 हितग्राहियों को दिया गया 16.48 करोड़ का हितलाभ

**नरसिंहपुर यभाप्र।** स्वरोजगार रोजगार दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री सोनी ने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण स्वीकृति पत्र सांकेतिक रूप से प्रदान किये। स्वरोजगार रोजगार दिवस पर जिले के 1126 हितग्राहियों को 16 करोड़ 48 लाख 15 हजार रूपये के हितलाभ वितरित किये गये। उन्हें ऋण वितरण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से हितग्राहियों को चैक, प्रमाण पत्र आदि देकर लाभांवित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद श्री सोनी एवं कलेक्टर रोहित सिंह द्वारा कन्या पूजन व दीप प्रज्जवलन से किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर रोहित सिंह सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, प्राचार्य डॉ. आलोक तिवारी, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी, विनीत नेमा, अमितेन्द्र नारोलिया, प्रताप पटैल, भगवानदास राय, कमलेश कौरव, महाप्रबंधक उद्योग नवीन कुशवाहा, प्राचार्य आईटीआई एसआर पाराशर, डीपीएम आजीविका मिशन राजकुमार मालवीय, सीएमओ केव्ही सिंहए अन्य जनप्रतिनिधि, बैंकर्स, अधिकारी और हितग्राही मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री सोनी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशा है कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाये। लोग न केवल स्वयं रोजगार से जुड़ें, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दें। इसके लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना आदि महत्वाकांक्षी योजनायें संचालित की जा रही हैं। नौजवानों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिये। स्वरोजगारमूलक योजनाओं के माध्यम से युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि गांव की स्थानीय जरूरत के मुताबिक लोगों के हुनर को विकसित किया जाना चाहिये। युवा स्वयं का रोजगार स्थापित करें। उन्होंने स्वरोजगार स्थापित करने एवं लोगों के कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में श्री सोनी ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के दो हितग्राहियों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 3 हितग्राहियों, डेयरी उद्यम के दो हितग्राहियों, पशु पालन विभाग के अंतर्गत एक हितग्राही, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के एक हितग्राही, उद्यानिकी विभाग की योजना के एक हितग्राही, लाड़ली लक्ष्मी योजना के तीन हितग्राहियों, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तीन हितग्राहियों, ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह बैंक लिंकेज के दो हितग्राहियों, ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के दो हितग्राहियों को मंच से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र प्रदान किये।

स्वरोजगार रोजगार दिवस के अवसर पर जिले में 1126 हितग्राहियों को 16 करोड़ 48 लाख 15 हजार रूपये के ऋण वितरण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इसमें से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के 412 हितग्राहियों को 41.20 लाख रूपये व स्वसहायता समूह बैंक लिंकेज के 157 हितग्राहियों को 283 लाख रूपयेए जिला शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 78 हितग्राहियों को 12.30 लाख रूपये, दीनदयाल अंत्योदय योजना के 40 हितग्राहियों को 59ण्41 लाख रूपये व समूह बैंक लिंकेज के 5 हितग्राहियों को 5.71 लाख रूपये, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 5 हितग्राहियों को 5.71 लाख रूपये, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म योजना, खाद्य उद्यम उन्नयन योजना व एक जिला एक उत्पाद के 7 हितग्राहियों को 54.79 लाख रूपये, पशु पालन विभाग के अंतर्गत 10 प्लस एक बकरी इकाई प्रदाय योजना के 7 हितग्राहियों को 5.46 लाख रूपये, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 13 हितग्राहियों को 152 लाख रूपये व मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के दो हितग्राहियों को 3 लाख रूपये, संस्थागत वित्त के अंतर्गत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 222 हितग्राहियों को 899.48 लाख रूपये, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी योजना के 3 हितग्राहियों को 3.54 लाख रूपये व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 3 हितग्राहियों को 15 हजार रूपये, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत डेयरी मध्यकालीन ऋण के 2 हितग्राहियों को 9.44 लाख रूपये, केसीसी योजना के 152 हितग्राहियों को 63.84 लाख रूपये, पशु पालन केसीसी के 9 हितग्राहियों को 3.03 लाख रूपये एवं मत्स्य पालन केसीसी के 9 हितग्राहियों को 1.80 लाख रूपये के ऋण वितरण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम स्थल पर आजीविका रूरल मार्ट, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला रोजगार कार्यालय व आईटीआई, नगर पालिका आदि द्वारा स्टाल लगाये गये। इन स्टालों में स्वसहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री और शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, कलेक्टर रोहित सिंह व सीईओ जिला पंचायत डॉ. सोनवणे ने स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य

# संजू सैमसन को मिलेगा एक और मौका ?

भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार (26 फरवरी) को धर्मशाला में खेला जाएगा। 24 फरवरी को लखनऊ में खेले गए पहले टी20 में 62 रनों की धमाकेदार जीत के बाद टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है। उसकी नजर दूसरे मुकाबले को जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी। कप्तान रोहित शर्मा दूसरे मुकाबले में टीम में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहेंगे। पहले मैच से पूर्व चोटिल होने वाले ऋतुराज गायकवाड़ के खेलने पर संशय बरकरार है। वहीं, संजू सैमसन को एक और मौका दिया जा सकता है। उन्हें पहले मैच में बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला था। टीम में बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव की वापसी हो सकती है। उन्हें युजवेंद्र चहल की जगह खेलने का मौका मिल सकता है। चहल पिछले कुछ दिनों से लगातार मैच खेल रहे हैं। ऐसे में उन्हें आराम दिया जा सकता है। पहले टी20 से पूर्व नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए ऋतुराज गायकवाड़ की कलाई में चोट लग गई थी। वे रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने के लिए पूरी तरह तैयार थे। दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण संजू सैमसन को खेलने का मौका मिल गया। रोहित और ईशान किशन के बीच 111 रन की साझेदारी से सैमसन को बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। उनकी जगह रवींद्र जडेजा को तरजीह दी गई। अब देखना है कि रोहित युवा ऋतुराज को टीम में लाते हैं या सैमसन को ही मौका देते हैं।

### सैमसन को मिलेगा जीवनदान

सैमसन के लिए दूसरा टी20 मैच एक जीवनदान की तरह हो सकता है। उन्हें कई बार पहले भी मौके मिले हैं, लेकिन सैमसन उसका फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं। अब उन्हें मौका मिलता है, तो वे एक बड़ी पारी खेलकर अपनी जगह बचाना चाहेंगे।



भुवनेश्वर कुमार की जगह इस मैच में आवेश खान को मौका दिया जा सकता है। भुवनेश्वर को रोहित आराम देकर इस युवा गेंदबाज को एक और मौका देना चाहेंगे। आवेश के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 करियर का डेब्यू मैच निराशाजनक रहा था। श्रीलंकाई टीम की बात करें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बिनूरा फर्नांडो को खेलने का मौका मिल सकता है। श्रीलंका मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्हें दुष्मंथ चमीरा या लहिरू कुमारा के स्थान पर खेलने का मौका मिल सकता है। वनिंदु हसरंगा वापस श्रीलंका लौट चुके हैं। वे सीरीज में नहीं खेलेंगे। कुशल मेंडिंग और महीश तीक्ष्णा अभी चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। निरोशल डिकवेला और धनंजय डी सिल्वा को टी20 टीम में शामिल किया गया है।

### ऋतुराज के खेलने पर संशय, कुलदीप यादव की हो सकती है वापसी

# सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

### घर में सबसे ज्यादा टी20 जीतने वाले कप्तान बन सकते हैं रोहित



धर्मशाला में शनिवार को खेले जाने वाले दूसरे टी-20 मुकाबले में मेहमान श्रीलंका टीम के लिए करो या मरो की स्थिति रहेगी। सीरीज में अपनी उम्मीदें कायम रखने के लिए श्रीलंका को यह मुकाबला हर हाल में जीतना ही होगा। जबकि वेस्टइंडीज का टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप करने वाली टीम इंडिया का हौसला पहले से बुलंद हैं। श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा सीरीज का पहला मुकाबला भी भारत ने जीता है और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। श्रीलंका के गेंदबाजों के सामने फॉर्म में चल रहे ईशान किशन, रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर को रोकना सबसे बड़ी चुनौती रहेगा। विराट कोहली को सीरीज में विश्राम दिए जाने के बाद श्रेयस अय्यर ने तीसरे नंबर पर मिले मौके को अच्छी तरह से भुनाया है। रोहित शर्मा ने पहले मैच के बाद संकेत दिए कि रवींद्र जडेजा ऊपरी क्रम में ही बल्लेबाजी करेंगे क्योंकि टीम प्रबंधन उनके बल्लेबाजी कौशल का फायदा उठाना चाहता है। इस सीरीज से टीम में वापसी करने वाले संजू सैमसन को पहले मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला और अगर उन्हें धर्मशाला में अवसर मिलता है तो वह उसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। यदि ऋतुराज गायकवाड़ की कलाई में चोट नहीं लगती तो वह किशन के साथ पारी का आगाज कर सकते थे और ऐसे में रोहित मध्यक्रम में उतरते जैसा कि उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। यदि गायकवाड़ फिट होकर वापसी करते हैं तो रोहित शनिवार को फिर से ऐसा कर सकते हैं।



भारत और श्रीलंका के बीच जारी टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज यानि शनिवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम पहला मैच 62 रनों से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले चुकी है और अब उसकी निगाह सीरीज पर कब्जा करने पर होगी। लखनऊ में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की अगुवाई में बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को करारी शिकस्त दी थी भारत और श्रीलंका के बीच जारी टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज यानि शनिवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम पहला मैच 62 रनों से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले चुकी है और अब उसकी निगाह सीरीज पर कब्जा करने पर होगी। लखनऊ में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की अगुवाई में बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को करारी शिकस्त दी थी। इसी के साथ भारतीय टीम ने लगातार अपना 10वां मैच भी जीता था और अब वह अपने इस विजय अभियान को बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड 11वें जीत की तलाश में होगी। वहीं श्रीलंकाई टीम इस मैच में वापसी कर सीरीज में बराबरी पर आना चाहेगी। ऐसे में दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

# टीम इंडिया की नजर लगातार 11वीं जीत पर श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज

### कब खेला जाएगा भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 मैच?

भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 मैच 26 फरवरी यानी शनिवार को खेला जाएगा।

### कहां खेला जाएगा भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 मुकाबला?

भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा।

कितने बजे खेला जाएगा मैच ?



इस मैच में टॉस भारतीय समयानुसार शाम साढ़े छह बजे होगा और पहली गेंद सात बजे फेंकी जाएगी।

### कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होंगे मुकाबले?

भारत और श्रीलंका सीरीज के प्रसारण अधिकार स्टार नेटवर्क के पास है, इसलिए पहले मैच का प्रसारण भी स्टार स्पोर्ट्स के चैनल पर किया जाएगा। आप स्टार स्पोर्ट्स के चैनल पर अलग-अलग भाषाओं में लाइव मैच देख सकते हैं।

### कहां देख सकते हैं ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग?

भारत-श्रीलंका के बीच पहले टी-20 मुकाबले की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में हॉटस्टार एप पर देखी जा सकती है।

### फ्री में कैसे देखें मैच


आप डीडी फ्री डिश में डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर इस मैच का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। इसके लिए आपको कोई शुल्क देने की जरूरत नहीं है।



# वहां मेरा परिवार है, उन्हें कुछ हुआ तो

यूक्रेन पर रूस के हमले का आज तीसरा दिन है। शनिवार को राजधानी कीव समेत यूक्रेन के सभी अहम शहरों में धमाके हुए हैं। इधर 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का 11 देशों ने समर्थन किया जबकि भारत, चीन व यूएई मतदान के दौरान गैर हाजिर रहे। 24 फरवरी को रूसी हमले के बाद यूक्रेन में हुई तबाही से भारत चिंतित है। भारत सरकार यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। वहीं काम के सिलसिले में 11 साल पहले भारत आई यूक्रेन की एक्ट्रेस Nataliya Kozhenova को अपने परिवार की चिंता सता रही है। बातचीत में Nataliya Kozhenova ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा है, मेरा पूरा परिवार यूक्रेन में रह रहा है। मेरे देश की जो स्थिति है, वह बहुत भयावह है। रूसियों ने हम पर हमला किया है और कई शहरों को तबाह कर दिया है। उन्होंने यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला शुरू कर दिया है। लोगों को यूक्रेन से बाहर निकलने के लिए सुविधा नह

# मोनालिसा को हवा में उड़ता देख फैंस को याद आई 'डायन'



भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर अभिनेत्री मोनालिसा अब टीवी की दुनिया में एक्टिव हैं। मोनालिसा ने हिट सीरियल्स में काम किया है लेकिन अब वह अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ छोटे पर्दे के एक रियलिटी शो में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। स्टार प्लस पर जल्द ही रियलिटी शो %स्मार्ट जोड़ी% की शुरुआत हो रही है। इस शो में टीवी इंडस्ट्री की कई रीयल जोड़ियां नजर आएंगी, जिसमें मोनालिसा और उनके पति विक्रांत का नाम भी शामिल है। इन दिनों मोनालिसा इस शो की तैयारी कर रही हैं। वहीं, अब मोनालिसा ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस को 'डायन' सीरियल की याद आ गई। मोनालिसा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शो के सेट का बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में मोनालिसा अपने डांस परफॉर्मेंस की प्रैक्टिस करती दिख रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री रस्सी के सहारे हवा में लहराती हुई दिख रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में 'आजा गुफाओं में' गाना बज रहा है। इस वीडियो में मोनालिसा अपने शो के लिए काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ मोनालिसा ने कैप्शन में लिखा, 'इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती।' मोनालिसा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो पर फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपको देखकर लगता है जैसे कोई परी आसमान से जमीन पर आ रही हो। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, डायन की यादें ताजा हो गईं। इसके अलावा, कई फैंस ने कमेंट में बताया कि वह मोनालिसा और विक्रांत के शो का इंतजार नही कर पा रहे हैं। 'स्मार्ट जोड़ी' 26 फरवरी को स्टार प्लस पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस शो में 10 सेलिब्रिटी कपल नजर आएंगे। शो में मोनालिसा और विक्रांत के अलावा, गौरव तनेजा-रितु राठी, अर्जुन बिजलानी-नेहा स्वामी, ऐश्वर्या-नील समेत कई जोड़ियां नजर आएंगी।



# शो में पहुंचीं शिल्पा शेट्टी ने खोला बादशाह का राज

टेलीविजन के मशहूर कॉमेडी सीरियल द कपिल शर्मा शो में हर हफ्ते कई मशहूर कलाकार बतौर मेहमान नजर आते हैं। शो बीते कई समय से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ऐसे में मनोरंजन जगत की जानी-मानी हस्तियों के शो में शिरकत करने से इसमें चार चांद लग जाते हैं। इसी क्रम में इस हफ्ते शो में बतौर मेहमान नजर आएंगे टीवी के मशहूर टैलेंट रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट में बतौर जज नजर आ रहे सिंगर बादशाह, अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और मनोज मुंतशिर। इस दौरान शो के होस्ट कपिल शर्मा शो में शिरकत करने वाले इन कलाकारों के कई राज भी खोलते नजर आएंगे। इतना ही नहीं इस दौरान अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बादशाह के एक राज से नेशनल टीवी पर सबके सामने पर्दा उठाती भी नजर आएंगी। इतना ही नहीं इस दौरान शो में शिरकत करने वाले बादशाह के एक नए हुनर के बारे में भी दर्शकों को पता चलने वाला है। दरअसल, बेहतरीन सिंगर और रैपर होने के साथ ही बादशाह शानदार मिमिक्री भी करते हैं। इस बारे में खुद अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने शो के दौरान जानकारी दी। सोनी चैनल ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शो के इस एपिसोड की एक वीडियो क्लिप शेयर की है। सामने आई इस वीडियो में कपिल की रिक्वेस्ट पर बादशाह मिमिक्री करते नजर आ रहे हैं। दर्शन कपिल उनसे कहते हैं कि वह किसी की भी नकल कर के दिखाएं। जिसके बाद बादशाह तहलका फिल्म के डॉन्ग की नकल करते नजर आते हैं। इस दौरान बादशाह फिल्म तहलका में डॉन्ग की भूमिका निभाने वाले अमरीश पुरी का हिट डायलॉग बोलते नजर आए। इसके अलावा शो में पहुंचे तीनों कलाकार कपिल शर्मा के साथ काफी मस्ती मजाक करते भी दिखाई दिए। शो का यह प्रोमो देख कहा जा सकता है कि इस सप्ताह आने वाला यह एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है। ऐसे में दर्शक बेसब्री से इस हफ्ते के अंत में प्रसारित होने वाले इस एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं।

# विक्रांत मैसी की पत्नी शीतल ठाकुर का ससुराल में हुआ जोरदार स्वागत

हाल ही में शादी के बंधन में बंधे बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर लगातार सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही इन तस्वीरों को फैंस बेहद पसंद भी कर रहे हैं। इसी बीच अब विक्रांत की दुल्हनिया ने अपने ससुराल में हुए स्वागत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की है। इंस्टाग्राम पर शेयर कीं गई इन तस्वीरों में मुंबई आने के बाद शीतल ने अपने गृह प्रवेश से लेकर पहली रसोई तक की सभी तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर की हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गईं इन तस्वीरों में से पहली तस्वीर में शीतल कलश गिराते हुए गृह प्रवेश करती दिख रही हैं। जबकि दूसरी तस्वीर में सिंदूर से छपे उनके पैर नजर आ रहे हैं। जबकि एक



अन्य तस्वीर में उनके हाथों की बनी पहली रसोई के हलवे की तस्वीर दिखाई दे रही है। इसके अलावा उन्होंने पति विक्रांत मैसी के साथ भी अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में यह कपल साथ में बेहद खूबसूरत नजर आ रहा है। लाल चूड़े, सिंदूर और बिंदी लगाए शीतल बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। जबकि सफेद



शर्ट और गॉगल पहने विक्रांत भी काफी हैंडसम दिख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए शीतल ठाकुर ने कैप्शन में लिखा, होमकमिंग। इन तस्वीरों पर कई फैंस और कलाकार लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गौरतलब है कि अभिनेता विक्रांत मैसी ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर अपने लंबे रिलेशनशिप के बाद शीतल ठाकुर से गुपचुप तरीके से कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद कपल ने 18 फरवरी को रीति- रिवाज के साथ सात फेरे लिए। दोनों ने हिमाचल की वादियों में एक-दूसरे के संग शादी रचाई। अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर करते हुए विक्रांत ने कैप्शन में लिखा था, सात सालों का यह सफर आज सात जन्मों बदल गया। इस लंबे सफर में हमारा साथ देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। शीतल एवं विक्रांत। गौरतलब है कि विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर एक- दूसरे को साल 2015 से डेट कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने साल 2019 में गुपचुप तरीके से सगाई की थी। इस सगाई समारोह में विक्रांत और शीतल के परिवार के लोग ही शामिल हुए थे।

### 7वीं कक्षा के दोनों छात्र स्कूल पहुंचे लेकिन नहीं लौटे घर

# माढ़ोताल के प्राइवेट स्कूल से दो बच्चों का अपहरण

**जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक निजी स्कूल में पढने़ वाले दो छात्र स्कूल से गायब हो गए। छात्रों के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने परिचित रिश्तेदार के यहां खोजबीन की, जब कहीं पता नहीं चला तो माढोताल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने प्रकरण को जांच में लेते हुए दोनों छात्रों की तलाश शुरु कर दी है। इधर परिजनों को अशंका है कि उनके बेटों का अपहरण किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।**



माढ़ोताल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शारदा नगर निवासी रविशंकर मेहरा और बजरंग नगर निवासी संजय तोमर ने बताया कि उनके बेटे 13 और 12 वर्षीय करमेता के आकांक्षा स्कूल में कक्षा 7वीं के छात्र हैं। रोजाना की तरह शुक्रवार को भी दोनों बच्चे स्कूल के लिए निकले थे। लेकिन देर शाम तक स्कूल से नहीं लौटे। स्कूल में जाकर दोनों बच्चों की जानकारी ली गई तो स्कूल स्टाफ का कहना था कि दोनों छात्र छुट्टी के समय ही सभी छात्रों के साथ अपने-अपने घर चले गए थे।

## साधारण है दोनों परिवार

पुलिस ने बताया कि गायब हुए बच्चों के पिता रविशंकर मेहरा और संजय तोमर साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। रविशंकर मेहरा जहां पुट्टी का कामकाज करते है तो वहीं संजय तोमर पल्लेदार हैं। पुलिस परिवार की परिस्थिति सहित अन्य बिन्दुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को यह पता चला है कि बच्चों का अपहरण भी हो सकता है।

## बच्चों के दोस्तों से पूछा, परिचितों को लगाया फोन

पीड़ित अभिभावकों ने बच्चों के गायब हो जाने के बाद आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की, उनके दोस्तों के घर जाकर दोनों के बारे में पूछा। साथ ही अपने परिचितों के यहां फोन करके भी दोनों बच्चों के आने की जानकारी ली, लेकिन कहीं पर भी बच्चे नहीं पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने माढ़ोताल थाने में बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई।

# 12 और 16 साल की बच्चियों को बंधक बनाकर बाल काटे, छेड़खानी की

### फैक्ट्री मालिक की क्रूरता, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जबलपुर, यशभारत। मार्बल फैक्ट्री मालिक की क्रूरता ने 12 और 16 साल की बच्चियां समह गयीं है। परिजनों की हिम्मत बांधने के बाद बच्चियां जैसे-तैसे थाने पहुंची और उनके साथ हुई खुद के साथ हुई ज्यादती की पूरी कहानी पुलिस के सामने रख दी। पूरा मामला अधारताल के आनंद नगर क्षेत्र का है।**

इस घटना के बाद क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस ने नाबालिकों की शिकायत पर मामला कायम करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अधारताल थाने में 12 और 16 साल की बच्चियों ने अपने परिनजों के साथ पहुंचकर पुलिस को बताया कि आनंद नगर निवासी बसीम खान की जो मार्बल की फैक्ट्री स्लीमनाबाद में है, फैक्ट्री में जो काम होता है, वसीम खान के घर में भी होता है। बच्चियों ने बताया कि वसीम खान के घर में माँ झाड़ू-पोंछा का काम भी करती थी। एक दिन मां के नहीं जाने पर वह दोनों वसीम के घर काम करने गई थी, जहां पर वसीम खान ने दोनों को बंधक बना लिया और मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। यहां तक की उनके बाल काट दिए गए। दुराचार का प्रयास किया गया। यह सब मना करने पर वसीन खान द्वारा उनके साथ मारपीट की गई।

## काफी समय से कर रहा ज्यादती

जानकारी अनुसार आरोपी वसीम खान की शुरु से ही बच्चियों पर बुरी नियत रखता था, वह उनके साथ रोज छेड?ानी करता था और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। जिसके बाद बच्चियां डर गयीं थी। लेकिन जब दर्द की इंतिहां हो गयीं तो उन्होंने अपने परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को देर रात ही गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

## मौका देखते ही आरोपी की चुंगल से भागीं

डरी-सहमीं बच्चियों ने पुलिस को बताया कि आरोपी बसीम खान घर पर नहीं थी, इसी का फायदा उठाकर वह दोनों वहां से भाग आई और घटना की जानकारी परिजनों को दी। बच्चियों का कहना है कि उनके काम से भागने के बाद आरोपी घर पहुंचा और सभी को डराया-धमकाया।

### वाट्सअप पर गंदे वीडियो डाल कर रहा परेशान

# सेना का जवान सुहागरात का वीडियो वायरल करने की दे रहा धमकी

***जबलपुर, यशभारत। सेना के जवान की शर्मनाक करतूत से पत्नी का जीना हमरा हो गया है। पत्नि को सेना का जवान सुहागरात की वीडियो वाट्सअप में भेजकर परेशान कर रहा है। पीड़ित पत्नि ने पति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। मामला अधारताल के न्यू रामनगर का है।***



जानकारी अनुसार पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2017 में सेना के जवान से हुई थी। शादी करने के बाद वह खुश थी, लेकिन फिर अचानक पति छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान करने लगा। जब मामला मारपीट तक आ गया तो उसने पति का साथ छोडने़ का फैसला लिया और तलाक के लिए कोर्ट में आवेदन लगा लिया।

### कोर्ट में आवेदन वापस लेने का बना रहा दबाव

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने रोते हुए शिकायत दर्ज करवाई कि पति उसके सुहागरात के वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। उसका कहना है कि वह यदि कोर्ट में तलाक का आवेदन वापस नहीं लेगी तो वह उसे बदनाम कर देगा। जिसके चलते उसने वाट्सएप पर उसे गंदे-गंदे वीडियो भी भेजे है7 पुलिस ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# क्राइस्ट चर्च स्कूल में परजिनों ने मचाया हंगामा

जबलपुर, यशभारत। क्राइस चर्च स्कूल में आज शनिवार को अभिभावकों ने जमकर हंगामा मचाया। परिजनों को हंगामे को देखकर स्कूल प्रबंधन को बाहर आना पड़ा। परिजनों की मांग थी कि जब पढ़ाई ऑनलाइन हुई हैं तो फिर एग्जाम भी ऑनलाइन होना चाहिए। अभिभावक अनूप कुमार ने बताया कि क्राइस्टचर्च स्कूल ढेर से अभिभावक पहुंचे हैं सभी की मांग है कि बच्चों की परीक्षा ऑफलाइन की वजाए ऑनलाइन ली जाए क्योंकि पढ़ाई ऑनलाइन हुई। बच्चों का कोर्स भी अधूरा है जिसकी वजह से बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि अभिभावकों की यह मांग को स्कूल प्रबंधन ने मानने से इंकार कर दिया। काफी देर हंगामा करने के बाद अभिभावक लौट गए।



### एकीकृत माध्यमिक शाला मदन.महल में बच्चों को परोसी

# इल्ली वाली खिचड़ी



जबलपुरए यशभारत। सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर हमेशा सवाल ख? होते है। सही भी हैए क्योंकि लाख कोशिशों के बाबजूद व्यवस्थाओं पर सुधार नहीं हो रहा है। ताजा मामला एकीकृत माध्यमिक शाला मदन.महल स्कूल का है जहां पर शुक्रवार को बच्चों को इल्ली उतारती खिच?ी बांट दी गई। कुछ बच्चों को जब खिच?ी में इल्ली नजर आई तो उन्होंने शिक्षकों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा खिच?ी वितरित करने से रोक दिया। हैरानी तो इस बात पर है कि स्कूल में इतनी ब?ी घटना हो गई लेकिन स्कूल स्टाफ ने इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारीए जिला परियोजना समन्वयक तक नहीं पहुंची। इस संबंध में बीआरसी राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से जानकारी मिली थी कि एकीकृत शासकीय स्कूल मदनमहल में शुक्रवार के मध्यान्ह भोजन में खिच?ी परोसी जानी थी लेकिन उसमें काफी संख्या में इल्ली उतारती हुई बच्चों को मिली जिसके बाद मध्यान्ह भोजन वितरित करने से स्कूल प्रबंधन रोक दिया था।

### मामले को दबाने में जुटा स्कूल प्रबंधन

घटना सामने के आने के बाद शिक्षा विभाग में चर्चा है कि एकीकृत शासकीय स्कूल मदनमहल पूरे प्रकरण को दबाना चाहते थे लेकिन स्कूल के ग्रुप में इल्ली उतारती हुई फोटो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर खबर जारी हो गई।

### *स्व सहायता समूह और स्कूल को जारी होगा नोटिस*

*बीआरसी राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बच्चों की सेहत से खिलवा? करने वाले आकांक्षा विकास समग्र समिति समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही स्कूल प्रबंधन ने जानकारी छुपाई इसलिए संबंधित स्टाफ से भी सवाल.जवाब किया जाएगा। इस संबंध में संकुल प्राचार्य प्रभा मिश्रा का कहना है कि स्कूल प्रबंधन और जनशिक्षक से इस संबंध में जानकारी लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।*

# नीट में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण नहीं देने पर मप्र सरकार को नोटिस

### कोर्ट ने कहा जब कानून बनाया है तो फिर क्यों नहीं दे रहे लाभ

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश में यूजी नीट, एमबीबीएस में प्रवेश के लिए ओबीसी को आरक्षण अधिनियम व मध्य प्रदेश मेडिकल प्रवेश नियम 2018 के तहत ओबीसी वर्ग के छात्रों को 27 त्न आरक्षण नहीं दिए जाने पर हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस शील नागू व जस्टिस एमएस भट्टी की खंडपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रमेश्वर सिंह ठाकुर ने कोर्ट में तर्क दिए गए कि सरकार की ओर से नियुक्त ओआईसी ने हाईकोर्ट में ओबीसी के 27 त्न आरक्षण को 50 प्रतिशत की सीमा से ज्यादा बताकर गलत हलफनामा दिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार 27 प्रश आरक्षण ओबीसी को क्यों नही देना चाहती है। जब सरकार ने कानून बनाया है, तो मेडिकल में प्रवेश नियमानुसार क्यों नहीं दिया जा रहा। आरक्षण की कुल सीमा 50 त्न से ज्यादा हो सकती है। यह किसी भी कानून में वर्जित नहीं है। भारत के संविधान अनुच्छेद 141 के तहत विधायिका बंधनकारी नही है। शासन के नियुक्त विशेष अधिवक्ताओं के पूर्व हाइकोर्ट में शासन की ओर से समुचित पक्ष नही रखा गया।

## श्री गणेश बारी का निधन



जबलपुर। मध्यप्रदेश बारी समाज के अध्यक्ष बेलबाग निवासी नरेश बारी के बड़े भाई एवं शिव सेना जिला अध्यक्ष शेलेन्द्र बारी ,महेन्द्र, नरेन्द्र, सुरेंद्र के पिता श्री गणेश बारी का निधन हो गया है अंतिम यात्रा रविवार की सुबह 11 बजे करियापत्थर मुक्तिधाम रवाना होगी।

यशभारत परिवार को 16 वें वर्ष के प्रवेश पर हार्दिक शुभकामनाएं

91.6%
संपूर्ण हॉलमार्क शोरूम
शेखर राजा ज्वेलर्स
नुनहाई, सराफा
मो.-9300102048, 9425154230
होलसेलर एवं रिटेलर हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी
● नवीनतम वैवाहिक ज्वेलरी कलेक्शन
● लाईटवेट फैंसी ज्वेलरी
● YUG कास्टिंग एवं कोयम्बटूर चैन
● 10+ 2 स्वर्ण समृद्धि बचत योजना।
एंटीक ज्वेलरी की संपूर्ण श्रंखला

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरुम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईकोनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मो: 9826243750

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईडक्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Journal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
क्लीनिक
मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय
दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
-: सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉंत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. काडियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, निःशुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
करमचंद चौक, जबलपुर
मो.: 9425159114, 8982481114

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)